54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 7.1°c
अधिकतम 21.6 °c

अमृतवाणी
ज़लील मत करना किसी गरीब को अपनी चौखट पर वो सिर्फ भीख लेने नहीं दुआ देने भी आता है!!

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

जनरल नरवणे की किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' अब तक प्रकाशित ही नहीं हुई है : प्रकाशक पेंगुइन रैंडम हाउस

सूर्योदय - 7:01, सूर्यास्त - 6:05 | वर्ष : 54/ अंक : 41 | बुधवार, 11 फरवरी 2026 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, दशमी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

इसका मतलब... सूत न कपास... संसद में लट्ठम-लट्ठा...

झोलाछाप चिकित्सकों की रोकथाम के लिए रुड़की रोड से मदीना चौक तक ताबड़तोड़ छापामार कार्रवाई

सवालों के घेरे में हैं रुड़की रोड से मदीना चौक स्थित कई हॉस्पिटल, कई बार मिले हैं झोलाछाप डॉक्टर

मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी (बु.)। पिछले दो वर्षों से रुड़की रोड से सरवट मदीना चौक तक अस्पतालों का अड्डा बन चुका है। इन अस्पतालों में आधे से अधिक हॉस्पिटल विवादों के घेरे में हैं, क्योंकि जब से रुड़की रोड नर्सिंग होम एवं अस्पतालों का अड्डा बना है, तब से कई मरीज इलाज के अभाव में दम तोड़ चुके हैं और कई बार परिजनों का हंगामा भी यहां देखा गया है। पिछले दो वर्षों से लगातार जिला चिकित्सालय की ओर से हल्की-फुल्की कार्रवाई के बाद फिर ढाक के तीन पात हो जाते थे, मगर मंगलवार को हुई कार्रवाई से रुड़की रोड से मदीना चौक तक हड़कम्प मचता दिखाई दिया। एक-दो नहीं, बल्कि आधा दर्जन से अधिक नर्सिंग होम व हॉस्पिटलों पर कार्रवाई की गयी। बड़ी बात यह है कि इस बार यह कार्रवाई सरधना डिप्टी सीएमओ और फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. अजय कुमार के नेतृत्व में हुई है। डॉ. अजय के नेतृत्व में हुई छापेमारी के दौरान पंजीकरण प्रमाण-पत्र, तैनात चिकित्सकों की डिग्री व योग्यता, उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं एवं मरीजों के मेडिकल रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की गयी है। डॉ. अजय ने स्पष्ट किया कि मेडिकल, क्लिनिकल एस्टेबिलिशमेंट एक्ट के नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा साथ ही उन्होंने तीमारदारों के साथ व्यवहार सुधारने के निर्देश भी दिये। जांच के साथ साथ डिप्टी सीएमओ ने अस्पताल प्रबंधन को कड़े निर्देश देते हुए हिदायत दी कि यदि किसी भी तरह की लापरवाही बरती गयी तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। आज हुई कार्रवाई से एकाएक पूरी रुड़की रोड व मदीना चौक पर हड़कम्प की स्थिति बनी रही।

आखिरकार डिप्टी सीएमओ सरधना को मुजफ्फरनगर छापेमारी को क्यों भेजा गया?

मुजफ्फरनगर। यह बात भी अपने आपमें सवाल बनकर खड़ी हो गयी है कि आखिर मुजफ्फरनगर में सीएमओ मौजूद होने के बावजूद सरधना के डिप्टी सीएमओ व फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. अजय को मुजफ्फरनगर में औचक निरीक्षण के लिए किसलिए भेजा गया? या तो कोई बड़ी शिकायत लखनऊ तक भेजी गयी है, उसी के चलते क्रॉस चैकिंग के लिए सरधना डिप्टी सीएमओ मुजफ्फरनगर पहुंचे थे और जिस गहनता से उनके द्वारा निरीक्षण किया गया, माना यही जा रहा है कि जल्द ही रुड़की रोड से मदीना चौक स्थित इन हॉस्पिटलों पर कोई बड़ी कार्रवाई अवश्य होगी। अब देखने वाली बात यह है कि सरधना डिप्टी सीएमओ निरीक्षण के बाद शासन को इसकी क्या रिपोर्ट भेजेंगे।

इन हॉस्पिटलों पर हुई छापामार कार्रवाई

- मरियम हॉस्पिटल, मदीना चौक
- सोफिया मेडिकल सेंटर
- आस्था नर्सिंग होम
- एम चरक हॉस्पिटल
- लोकप्रिय हॉस्पिटल
- विश्वास नर्सिंग होम

पर टीम ने अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया। माना जा रहा है कि औचक निरीक्षण में अभी आधा दर्जन हॉस्पिटलों पर ही कार्रवाई हुई है, जल्द ही यहां स्थित अन्य हॉस्पिटलों पर भी कार्रवाई होगी।

विवादों के घेरे में हैं रुड़की रोड पर स्थित अधिकांश हॉस्पिटल

मुजफ्फरनगर। देखते ही देखते पिछले पांच वर्षों में रुड़की रोड स्थित हॉस्पिटलों को भारी भरकम कमाई का अड्डा बना दिया गया है। कई बार यहां के अधिकांश हॉस्पिटलों में उचित इलाज व डॉक्टरों के अभाव में कई मरीजों की मौत हो चुक है। दर्जनों मरीज इस बात का आरोप भी लगा चुके हैं कि डॉक्टरों के नाम पर कम्पाउंडर इमरजेंसी के दौरान पूरी रात उपचार देते हैं और डॉक्टर सुबह आते भी हैं तो उनकी डिग्री पर भी मरीजों को शक होता है। कई बार यहां डिलीवरी के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत हो चुकी हैं। सस्ते इलाज का लालच देकर ये हॉस्पिटल मरीजों के तीमारदारों को अपनी ओर खींचने का प्रयास करते हैं। उक्त हॉस्पिटलों की एम्बूलेंस चालकों से सैटिंग-गैटिंग है, जिसके चलते मुजफ्फरनगर जिला चिकित्सालय से मरीज को रैफर करने के बाद खुद वैन चालक मेरठ के बजाय इन्हीं हॉस्पिटलों में उपचार कराने की सलाह देकर अपने पचास प्रतिशत के कमीशन पर उन्हें वहां भर्ती करा देते हैं। जब उपचार के दौरान मरीज की हालत बिगड़ जाती है, तो रुड़की रोड से मदीना चौक तक मौजूद हॉस्पिटलों के डॉक्टर एन वक्त पर हाथ खड़े करके मोटा पैसा वसूलकर उन्हें फिर से मेरठ जाने की सलाह देते हैं। यह खेल लम्बे समय से चलता चला आ रहा है। इसकी जानकारी जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सकों को पिछले दो वर्षों से है। बावजूद इसके अब तक इतनी बड़ी कार्रवाई की ही नहीं गयी थी, जिससे इन हॉस्पिटलों पर कोई असर पड़ता है। चार दिन सील लगने के बाद पांचवे दिन न जाने किस तरह से इन हॉस्पिटलों की सील भी खुल जाती है। फिलहाल लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने वाले ये हॉस्पिटल आर्थिक रूप से खूब फल-फूल रहे हैं।

तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत, पति व बच्चा गंभीर घायल

बुढ़ाना, 10 फरवरी (बु.)। एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि बाइक पर पीछे बैठी उसकी पत्नि और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर ट्रक चालक फरार हो गया। उधर घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पहुंचाकर ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान घंटों जाम लगा रहा।

मिली जानकारी के अनुसार जनपद शामली के गांव कुन्डा चौसाना निवासी लगभग 32 वर्षीय युवक सलीम अहमद पुत्र इंतजार अली मंगलवार की देर शाम अपने घर से बुढ़ाना सर्किल के थाना रतनपुरी क्षेत्र के गांव रियावली नंगला में बाइक पर सवार होकर अपनी ससुराल में जा रहा था। बाइक पर उसकी पत्नि और एक बच्चा भी बैठा हुआ था। जब वह बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के कांधला मार्ग पर स्थित नयी सब्जी मंडी के पास आया तो एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने बाइक में ट्रक की जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक दूर तक घिसटती चली गयी। जिसमें बाइक चालक सलीम अहमद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि उसकी पत्नि और बच्चा घायल हो गये। आते जाते लोगों की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस तुरन्त घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्मार्टम के लिए भिजवाकर दोनों घायलों को सीएचसी भेजकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान घटनास्थल पर जाम भी लगा जो पुलिस ने खुलवाया। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी तो वे रोते बिलखते हुए मोर्चरी और हस्पताल पहुंचे तो वहीं गांव नंगला से भी ग्रामीण पहुंच गये थे।

यूपी का बजट आज : चुनावी साल में हो सकती हैं तोहफों की बारिश

लखनऊ, 10 फरवरी (एजेंसी)। प्रदेश सरकार के बुधवार को पेश होने वाले बजट में चुनाव की झलक दिखाई देगी। करीब 9 से 9.5 लाख करोड़ के बजट में निवेश, रोजगार, बुनियादी विकास और कल्याणकारी योजनाओं की मद में सबसे अधिक धनराशि का आवंटन होगा। बजट का एक चौथाई हिस्सा इंफ्रास्ट्रक्चर की मद में होगा। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला यह आखिरी पूर्ण बजट कई मायनों में ऐतिहासिक होगा। बजट का केंद्र क्षेत्रीय विकास होगा। खास तौर पर पूर्वांचल और बुंदेलखंड के क्षेत्रीय असंतुलन को खत्म करने के लिए सरकार बड़ी सौगात दे सकती है। पूर्वांचल और बुंदेलखंड विकास निधि के लिए लगभग 1900 करोड़ रुपये आवंटित हो सकते हैं, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में करीब 700 करोड़ रुपये ज्यादा है। इससे दोनों क्षेत्रों के 37 पिछड़े जिलों में तेज विकास होगा।

पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र को बड़ी सौगात : नाला निर्माण कार्य हेतु 37 करोड़ रुपये की स्वीकृति

मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी (बु.)। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सेक्टर कार्यक्रम के अंतर्गत सीवरेज एवं जल निकासी योजना के तहत मुजफ्फरनगर में जेल गेट से गांधी कॉलोनी, पचेण्डा रोड होते हुए बाईपास तक नाला निर्माण कार्य के लिए 37 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने हेतु रुपये 5 करोड़ की धनराशि प्रथम किस्त के रूप में अवमुक्त कर दी गई है। यह परियोजना विधानसभा क्षेत्र पुरकाजी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं दूरगामी लाभ देने वाली है। सम्बंधित मार्ग शहर का प्रमुख और अत्यधिक व्यस्त मार्ग है, जहां लंबे समय से जलभराव और यातायात जाम की समस्या आमजन के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी। नाला निर्माण कार्य के पूर्ण होने के बाद जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा। साथ ही यह मार्ग अधिक चौड़ा, सुगम एवं सुरक्षित बनेगा, जिससे यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी और नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। इस महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी परियोजना की स्वीकृति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया।

शिव मूर्ति के सामने युवक ने चाकू से काटी हाथ और गले की नस, तड़प-तड़पकर गई जान

ग्रेटर नोएडा, 10 फरवरी (एजेंसी) सेक्टर डेल्टा-2 श्मशान घाट में भगवान शंकर जी की प्रतिमा के पास सोमवार एक ऑटो चालक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची सूरजपुर कोतवाली पुलिस का कहना है कि ऑटो चालक ने सब्जी काटने वाले चाकू से हाथ और गले की नस काटकर जान दी है। युवक की पेंट की जेब से गांजा मिला है। युवक पत्नी के अलग रहने के साथ तीन दिन पहले ऑटो छीने जाने की बात से परेशान था। परिजन ने मामले में कोई शिकायत नहीं की है। जानकारी के अनुसार राहुल (30) साकीपुर गांव में किराये के मकान में मां के साथ रहता था। युवक का बुलंदशहर निवासी एक महिला से 2018 में विवाह हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद पत्नी अलग रह रही थी। करीब आठ साल से पत्नी पारिवारिक कारण से अलग बुलंदशहर में रह रही है। उसने युवक पर केस भी कर रखा है। युवक शराब और गांजे की लत का आदि था।

खुले नाले में गिरकर युवक की मौत

नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसी)। दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-32 इलाके में सड़क के साथ बने डीडीए के खुले पड़े नाले गिरने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त 23 साल के बिरजू के रूप में हुई है। उसके दोस्त सूरज ने मंगलवार को बेगमपुर थाना पुलिस को बताया कि सोमवार रात दोनों दोस्त नशे में आ रहे थे। इस दौरान उसका दोस्त बिरजू गायब हो गया। साथ ही उसने उसके नाले में गिरने की आशंका भी जताई। इस सूचना पर पुलिस ने दमकल विभाग को जानकारी दी। दमकल कर्मियों ने करीब चार घंटे की तलाशी के बाद बिरजू के शव को नाले से बरामद कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सूरज से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

बझेड़ी में फायरिंग प्रकरण में तीन आरोपियों का चालान

मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी (बु.)। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने बझेड़ी में हुई फायरिंग के प्रकरण में दो भाइयों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से एक लाइसेंसी पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। प्रकरण में पुलिस ने तहरीर पर पांच आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। फरार चल रहे दो आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

सोमवार को गांव बझेड़ी में पुरानी रंजिश के चलते मस्जिद के बाहर फूलमियां व हाजी मूसा पक्ष के मध्य कुछ कहासुनी होने पर मारपीट हो गयी थी। उसके बाद दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए थे। विवाद इतना बढ़ गया कि फूल मियां पक्ष के हुसैन उर्फ लाला ने लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग कर दी। फायरिंग की सूचना पर अफरा-तफरी मच गयी। सूचना पर नई मंडी कोतवाली पुलिस गांव में पहुंची और दोनों पक्षों को शांत किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मंगलवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हुसैन उर्फ लाला व फूलमियां पुत्रगण अख्तर समेत अब्दुल रहमान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक लाइसेंसी पिस्टल व एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है।

मददगारों की मौत: हाईवे पर घायल ड्राइवर की मदद कर रहे दो चालकों की मौत, ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर

नोएडा, 10 फरवरी (एजेंसी) नोएडा थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के मेरठ-दिल्ली हाईवे पर सोमवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में दो ट्रक चालकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हैं। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में लेकर वाहन कब्जे में कर लिया है। पुलिस के अनुसार 9 फरवरी 2026 की रात मेरठ से दिल्ली की ओर आने वाली बीच वाली लेन पर एक पिकअप पीछे से ट्रक से टकरा गई। टक्कर के बाद पिकअप चालक अमित वाहन में फंस गया। इसी दौरान तीन ट्रक चालक अपने-अपने वाहन सड़क किनारे रोककर उसे बाहर निकालने का प्रयास कर रहे थे। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार सब्जी से लदे ट्रक ने लापरवाही से तीनों चालकों को टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान दो लोगों ने दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान देवेंद्र (34), पुत्र कमलेश, निवासी ढकिया हमीद नगर, जिला शाहजहांपुर (उप्र) और गोविंद चौहान (करीब 35), निवासी फददपुर ऐरावाला बास गांव, आजमगढ़ (उप्र) के रूप में हुई है।

सिंगर उदित नारायण के खिलाफ पत्नी ने दर्ज कराई रिपोर्ट, गर्भाशय निकलवाने का लगाया आरोप

सुपौल, 10 फरवरी (एजेंसी) प्रसिद्ध पार्श्व गायक उदित नारायण झा की पत्नी रंजना नारायण झा ने मंगलवार को अपने पति के खिलाफ महिला थाना में एक नई शिकायत दर्ज कराई। रंजना ने उदित नारायण, उनके भाई संजय कुमार झा, ललित नारायण झा और उनकी दूसरी पत्नी दीपा नारायण के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र के तहत गर्भाशय निकालवाने का आरोप लगाया है। महिला थाना में अपने अधिवक्ता करुणाकांत झा के साथ पहुंचकर रंजना ने बताया कि वह सुपौल जिले के बलुआ बाजार थाना अंतर्गत संस्कृत निर्मली वार्ड नंबर 11 निवासी चंद्रकांत झा की 61 वर्षीय पुत्री हैं। उन्होंने कहा कि उनकी शादी 7 दिसंबर 1984 को पार्श्व गायक उदित नारायण झा से हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। इसके बाद 1985 में उदित नारायण पार्श्व गायन में अपना करियर बनाने के लिए मुंबई चले गए। इस दौरान मीडिया से उन्हें पता चला कि उदित ने दीपा नामक महिला से दूसरी शादी कर ली है। जब उन्होंने इस बारे में पूछताछ की, तो उदित ने उन्हें गुमराह किया।

पहली पत्नी रंजना झा

आजम खां और बेटे अब्दुल्ला से मिलने जेल पहुंचीं तजीन फात्मा

रामपुर, 10 फरवरी (एजेंसी)। बेटे अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में सजा काट रहे सपा नेता आजम खां से मिलने उनकी पत्नी पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा बड़े बेटे अदीब आजम के साथ रामपुर जेल पहुंचीं। जेल में उन्होंने बेटे अब्दुल्ला से भी मुलाकात की। मंगलवार दिन में हुई इस मुलाकात के बाद उन्होंने मीडिया से दूरी बनाए रखी। दो पैन कार्ड मामले में सपा नेता आजम खां व उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को कोर्ट ने सजा सुनाई है। इस वक्त वह रामपुर जेल में हैं। 17 नवंबर से जेल में बंद सपा नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम से जेल में मिलने के लिए केवल उनके परिवार के सदस्य ही जा रहे हैं।

तिरूपति फैक्ट्री मामले में किसान संगठन के तीन कार्यकर्ता नामजद, 100 अज्ञात पर एफआईआर

मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के बावनदरा पुल के पास रबड़ गलाने की फैक्ट्री में तोड़फोड़ और फैक्ट्री कर्मचारियों को धमकी देने के मामले में फैक्ट्री मालिक की तहरीर पर पुलिस ने भारतीय किसान मजदूर संगठन के तीन नामजद व 100 अज्ञात कार्यकर्ताओं के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में लग गयी है, वहीं अज्ञात लोगों की शिनाख्त करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

मोहल्ला योगेन्द्रपुरी निवासी अंशुल सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी पार्टनरशिप में बावनदरा पुल के पास तिरूपति एंटरप्राइजेज के नाम से रबड़ गलाकर तेल निकालने की फैक्ट्री है। आरोप है कि 6 फरवरी को भारतीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ता बिल्लु राणा, विशाल सिंह व आशीष त्यागी के उकसाने पर सैकडों कार्यकर्ता फैक्ट्री की दीवार फांदकर भीतर घुस आए। उनका कहना कि फैक्ट्री को गलत तरीके से संचालित किया जा रहा है।

आरोपियों ने फैक्ट्री में पत्थरबाजी करते हुए तोड़फोड़ करनी शुरू कर दी। फैक्ट्री मालिक का कहना था कि वह मानकों के अनुसार फैक्ट्री को संचालित कर रहा है। उसके बावजूद भीतर घुसे लोग नहीं माने और कर्मचारियों को धमकी देकर उसे डराने-धमकाने लगे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। पुलिस ने इस मामले में फैक्ट्री मालिक की तहरीर पर तीन नामजद व 100 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मेरठ में हिंदू युवती के साथ शाहवेज की शादी पर मचा बवाल

मेरठ, 10 फरवरी (एजेंसी)। गंगानगर की युवती की दूसरे समुदाय के युवक से हो रही शादी का विरोध बढ़ते देख गंगानगर थाना पुलिस ने युवती के परिजनों की तहरीर पर धर्मांतरण की रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं दो दिन बाद होने वाली शादी की सभी तैयारियां दोनों पक्षों ने कर रखी हैं। कार्ड बंट चुके हैं मगर शादी को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

मेरठ स्थित गंगानगर की युवती एक बैंक में काम करती है। उसकी शादी 12 फरवरी को लिसाड़ी गेट निवासी दूसरे समुदाय के युवक के साथ मवाना रोड मंडप में होनी है। शादी के कार्ड वायरल होने पर हिंदू संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। सोमवार को हिंदू संगठनों के लोग युवती के परिजनों से मिले। इसके बाद युवती के चाचा ने इस मामले में गंगानगर थाने में युवक के खिलाफ तहरीर दी। गंगानगर थाना पुलिस ने युवक शाहवेज राना उर्फ साहिल के खिलाफ धर्मांतरण की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ सदर देहात सुधीर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में युवती और उसके परिजनों से भी पूछताछ की जाएगी। युवती के पिता की करीब दो साल पहले बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। आरोपी युवक पहले गंगानगर के हॉस्पिटल में काम करता था। उसी समय युवती उसके संपर्क में आई थी। वहीं अब शादी को लेकर असमंजस की स्थिति है, जबकि मंडप समेत सभी तैयारियां दोनों पक्षों की ओर से हो चुकी हैं। युवती के चाचा इस शादी के खिलाफ हैं। मेरठ स्थित गंगानगर की युवती एक बैंक में काम करती है। उसकी शादी 12 फरवरी को लिसाड़ी गेट निवासी दूसरे समुदाय के युवक के साथ मवाना रोड मंडप में होनी है। शादी के कार्ड वायरल होने पर हिंदू संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। सोमवार को हिंदू संगठनों के लोग युवती के परिजनों से मिले। इसके बाद युवती के चाचा ने इस मामले में गंगानगर थाने में युवक के खिलाफ तहरीर दी। गंगानगर थाना पुलिस ने युवक शाहवेज राना उर्फ साहिल के खिलाफ धर्मांतरण की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सीओ सदर देहात सुधीर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में युवती और उसके परिजनों से भी पूछताछ की जाएगी। युवती के पिता की करीब दो साल पहले बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। आरोपी युवक पहले गंगानगर के हॉस्पिटल में काम करता था। उसी समय युवती उसके संपर्क में आई थी। वहीं अब शादी को लेकर असमंजस की स्थिति है, जबकि मंडप समेत सभी तैयारियां दोनों पक्षों की ओर से हो चुकी हैं। युवती के चाचा इस शादी के खिलाफ हैं।

परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले सचिन तेंदुलकर, बेटे अर्जुन की शादी में आने का दिया न्यौता

नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसी) भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सचिन के साथ इस दौरान पत्नी अंजलि, बेटे अर्जुन, बेटी सारा और अर्जुन की मंगेतर सानिया भी मौजूद थीं। मालूम हो कि अर्जुन और सानिया की शादी को लेकर कई दिनों से अटकलें चल रही थीं, लेकिन अब खुद सचिन ने इस खबर पर मुहर लगा दी है। सचिन ने परिवार के साथ पीएम मोदी से मुलाकात की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की। सचिन ने लिखा, हमें अर्जुन और सानिया के विवाह समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को आमंत्रित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

12 फरवरी को बैंक रहेंगे बंद?

नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसी) अगर आप गुरुवार यानी 12 फरवरी 2026 को किसी जरूरी काम से बैंक जाने की योजना बना रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। बैंक ग्राहकों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि क्या उस दिन बैंक खुले रहेंगे या बंद? देश की प्रमुख बैंक यूनियनों ने 12 फरवरी को 'देशव्यापी हड़ताल' का आह्वान किया है। हालांकि, तकनीकी रूप से यह कोई सरकारी छुट्टी नहीं है, लेकिन इसका असर आपकी बैंकिंग सेवाओं पर पड़ सकता है। सार्वजनिक क्षेत्र के दिग्गज बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) को भेजे गए एक नोट में साफ किया है कि हड़ताल के कारण उनकी शाखाओं और कार्यालयों में कामकाज प्रभावित होने की पूरी संभावना है।

संभल हिंसा मामले में डीएसपी रहे अनुज चौधरी के खिलाफ रिपोर्ट पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

प्रयागराज, 10 फरवरी (एजेंसी) संभल के डीएसपी रहे अनुज चौधरी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने सीजेएम कोर्ट के उस आदेश पर फिलहाल रोक लगा दी है, जिसमें सीओ अनुज चौधरी समेत 22 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया था। पांच सप्ताह बाद मामले की होगी सुनवाई। सीजेएम कोर्ट के आदेश पर तब तक रोक लगी रहेगी। संभल जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुई हिंसा में सीजेएम कोर्ट ने तत्कालीन सीओ अनुज चौधरी व 22 पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। इस फैसले को अनुज चौधरी ने हाईकोर्ट में और राज्य सरकार ने भी हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। सीजेएम कोर्ट ने सर्वे के दौरान हुई हिंसा को लेकर अनुज चौधरी सहित 22 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। इस आदेश को अनुज चौधरी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। साथ ही राज्य सरकार ने भी इस फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने फिलहाल सीजेएम कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है और दो सप्ताह बाद अगली सुनवाई की तारीख तय की है। तब तक एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया पर रोक बनी रहेगी। हाईकोर्ट के इस फैसले से अनुज चौधरी और अन्य पुलिस अधिकारियों को अस्थायी राहत मिल गई है, जबकि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई अब अगली सुनवाई के बाद ही तय होगी।

कैराना सांसद इकरा हसन के चाचा समेत 19 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शामली, 10 फरवरी (बु.)। कैराना के मोहल्ला इकरामपुरा निवासी और वार्ड-12 के सभासद फुरकान ने कोतवाली में सांसद इकरा हसन के चाचा समेत 19 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस संबंध में एक वीडियो भी सामने आया है। सभासद फुरकान के अनुसार, उनके मौसेरे भाई नूर हसन की पत्नी अनवरी के नाम आर्यपुरी में आवासीय भवन है। मकान में आने-जाने के लिए रास्ता बना हुआ है, जिस पर विपक्षी कब्जा करना चाहते थे। सोमवार सुबह करीब 9 बजे नूर हसन, उसकी पत्नी अनवरी और भाभी रिहाना घर पर बैठे थे। आरोप है कि इसी दौरान नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष व सांसद इकरा हसन के चाचा हाजी अनवर हसन निवासी मोहल्ला आलदरमियान, उनकी गाड़ी का चालक फरमान निवासी मोहल्ला खेलकलां, तौसीफ, उसका भाई मोहसिन निवासी मोहल्ला आलखुर्द तथा 10-15 अज्ञात युवक हथियारों से लैस होकर वहां पहुंचे और मारपीट करते हुए रास्ते की दीवार गिरा दी। हमले में नूर हसन की भाभी रिहाना घायल हो गई। शोर सुनकर फुरकान मौके पर पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच की जा रही है। उधर, सोशल मीडिया पर 22 सेकंड का एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें हाजी अनवर हसन मौके पर दिखाई दे रहे हैं, हालांकि वीडियो में वह मारपीट करते नजर नहीं आ रहे हैं।

बिजनौर में हेड कांस्टेबल और महिला सिपाही के आपत्तिजनक पांच वीडियो वायरल, दोनों सस्पेंड

बिजनौर, 10 फरवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद के थाना रेहड़ में तैनात हेड कांस्टेबल और एक महिला सिपाही का आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने दोनों पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और विभागीय जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, हेड कांस्टेबल और महिला सिपाही के कुल पांच वीडियो सामने आए हैं, जिनमें से एक में महिला सिपाही वर्दी में दिखाई दे रही है, जबकि अन्य में वह वर्दी में नहीं है। वीडियो सरकारी आवास के अंदर के बताए जा रहे हैं, जहां दोनों आपत्तिजनक स्थिति में प्रेम संबंधों में लिप्त दिखाई दे रहे हैं। प्रारंभिक तौर पर यह प्रतीत होता है कि दोनों ने अपनी मर्जी से ये वीडियो बनाए थे। इस घटना के प्रकाश में आने के बाद पुलिस विभाग में हलचल मची हुई है। दोनों पुलिसकर्मियों के बीच संबंधों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं तैर रही हैं। इस गंभीर मामले की विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह घटना पुलिस की छवि पर सवालिया निशान उठाती है और अनुशासनहीनता का एक स्पष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गृहमंत्री अमित शाह के रिश्तेदारों में मची चीख पुकार

- राधारानी मंदिर जाते में रोपवे की ट्रॉली बिजली जाने पर हुई बैक

बरसाना (मथुरा), 10 फरवरी (एजेंसी)। देश के गृहमंत्री अमित शाह के रिश्तेदारों को लेकर राधारानी मंदिर जा रही रोपवे की तीन ट्रॉलियां बिजली जाने पर बैक हो गई। गनीमत रही कि सुरक्षा गार्डों ने ट्रॉलियों को आपस में टकराने से रोक दिया। इससे बड़ा हादसा होने टल गया। हाल ही में आइआइटी रुड़की की टीम ने रोपवे का सर्वे किया था। फिलहाल रोपवे की ट्रॉलियां बैक होने को लेकर रोपवे संचालन जांच कर रहा है। ब्रह्मांचल पर्वत पर स्थित लाडली जी मंदिर जाने के लिए 25 अगस्त 2024 को योगी सरकार ने बरसाना में रोपवे की सौगात दी थी। इसके चलते रोपवे के माध्यम से तीन से चार हजार श्रद्धालु रोजाना राधारानी के दर्शन करने जाते हैं। मथुरा के बरसाना में गृह मंत्री अमित शाह के रिश्तेदारों को ले जा रही रोपवे की तीन ट्रॉली बिजली जाने से अचानक पीछे हट गईं। देश के गृह मंत्री अमित शाह के रिश्तेदारों को लेकर राधारानी मंदिर जा रही रोपवे की तीन ट्रॉलियां बिजली जाने पर बैक हो गई। गनीमत रही कि सुरक्षा गार्डों ने ट्रॉलियों को आपस में टकराने से रोक दिया। इससे बड़ा हादसा होने टल गया। हाल ही में आइआइटी रुड़की की टीम ने रोपवे का सर्वे किया था। मंगलवार को देश के गृहमंत्री अमित शाह के रिश्तेदार राधारानी के दर्शन करने बरसाना पहुंचे। इस दौरान शाम करीब पांच बजे रोपवे की ट्रॉलियों में बैठ कर ऊपर मंदिर जा रहे थे, तभी अचानक बिजली जाने पर रोपवे की तीन ट्रॉली तेज गति से बैक होने लगीं। ट्रॉलियों में बैठे लोग चीखने-चिल्लाने लगे, तभी रोपवे स्थल पर तैनात सुरक्षा गार्डों ने ट्रॉलियों को आपस में टकराने से रोक लिया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, जबकि पूर्व में 18 मार्च 2025 को भी रोपवे की तीन ट्रॉली बिजली जाने पर ऐसे ही बैक होकर आपस में टकरा गई थी। इस दौरान दो ट्रॉलियों के शीशे टूट गए। गृहमंत्री अमित शाह के रिश्तेदारों को लेकर रोपवे ट्रॉली से राधारानी मंदिर जा रहे चौकी इंचार्ज अनुराग सिंह ने बताया कि अचानक बिजली जाने पर ट्रॉली बैक हो गई थी। किसी भी प्रकार का कोई हादसा नहीं हुआ, जबकि हाल ही में एक फरवरी से सात फरवरी के मध्य मरम्मत कार्य के चलते सात दिन रोपवे का संचालन बंद रहा। इस दौरान 12 ट्रॉलियां की जगह छह ट्रॉली की गईं। कहा गया था कि इससे भविष्य में कोई हादसा नहीं होगा। वहीं आइआइटी रुड़की की टीम के फाइनल सर्वे के बाद आठ फरवरी से रोपवे का संचालन श्रद्धालुओं के लिए शुरू हुआ था। रोपवे के डायरेक्टर अभय अवस्थी ने बताया कि अचानक बिजली जाने पर आपरेटर से गलती में आगे का गेयर लगने की बजाए बैक गियर लग गया। इससे ट्रॉली आगे बढ़ने की जगह बैक हो गई। किसी भी प्रकार का कोई नुकसान या हादसा नहीं हुआ है। फिर भी पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है।

एसडीएम के आश्वासन पर धरना समाप्त, प्रशासन को 15 दिन का अल्टीमेटम

भोपा, 10 फरवरी (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर- सीकरी मार्ग पर एक वर्ष से जलभराव की गंभीर समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने अपना अनूठा धरना सोमवार को समाप्त कर दिया। ग्रामीणों ने धरने के तीसरे दिन पहुंचे भाजपा नेता अमित राठी व प्रशासन के आश्वासन पर यह कदम उठाया। हालांकि अमित राठी ने प्रशासन को पानी के स्थायी निस्तारण के लिए 15 दिन का कड़ा अल्टीमेटम भी दिया है। भोपा थानाक्षेत्र के गांव सिकंदरपुर समेत सीकरी, योगेंद्र नगर, खुशीपुरा, गड़वाड़ा, रहमतपुर आदि क्षेत्रों के निवासी पिछले तीन दिनों से सड़क पर जमे गंदे पानी के बीच ही चारपाइयां डालकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे। उनका कहना था कि लगातार जलभराव ने आम जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है और स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर दिया है। धरने के दौरान भाजपा नेता अमित राठी, राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष संजय राठी और पूर्व संगठन मंत्री अजीत राठी व सांसद प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे जगपाल प्रधान सहित अन्य लोग ग्रामीणों से मिलने पहुंचे। मौके पर बुलाए गए एसडीएम जानसठ ने ग्रामीणों के साथ वार्ता की। एसडीएम ने ग्रामीणों से संबंधित कागजात चार दिन के भीतर उपलब्ध कराने को कहा और 15 दिन के अंदर पानी की निकासी का स्थायी समाधान करने तथा तालाब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पर भाजपा नेता अमित राठी ने कहा कि यह एक गंभीर समस्या है और ग्रामीणों को गंदे पानी में बैठने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 15 दिन में समस्या का निस्तारण नहीं हुआ, तो वे 16वें दिन इसी गंदे पानी को ड्रमों में भरकर तहसील कार्यालय ले जाएंगे और एसडीएम कार्यालय के बाहर ही धरना देंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी स्थिति में होने वाली किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। वहीं भाजपा नेता ने पानी का अस्थाई समाधान करते हुए अपने हाथों से फावड़ा चलाकर पानी को खेत में निकाल दिया है, जिसके बाद धरना समाप्त किया गया। एसडीएम के आश्वासन और अमित राठी के बयान के बाद ग्रामीण सहमत हुए और उन्होंने पानी से चारपाइयां उठाकर अपना धरना समाप्त कर दिया। धरने में पिछले तीन दिनों से लगातार बैठे इरफान अली उर्फ अप्पी, बर्फ सिंह, मैनपाल प्रधान, विकास चौधरी, बिट्टू प्रधान, विकास कुमार, राजीव कुमार, सुरेंद्र, कृष्णपाल, अमन सिंह, सतीश, राज सिंह, नदीम, नजर मोहम्मद, आस मोहम्मद, सागर कुमार, वकार अहमद, कसीम, मुकीस, अंजर, समीर, फरमान व जीशान सहित क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे। अब सभी की निगाहें प्रशासन द्वारा दिए गए 15 दिन के समय सीमा पर टिकी है।

सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर घायल

चरथावल, 10 फरवरी (बु.)। चरथावल-थानाभवन मार्ग पर ग्राम लुहारी खुर्द गेट के पास मंगलवार को एक सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान कुल्हेड़ी निवासी शाहनवाज (पुत्र अनवर), सादिक (पुत्र महताब) और शाकिर के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही चरथावल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस ने नियंत्रित कर सुचारु कराया। चरथावल थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस घटना के कारणों की जांच-पड़ताल कर रही है। घटनास्थल के आसपास के हालात और प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी जुटाई जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

संतोष बिहार में गंदे-बदबूदार पानी से लोग त्रस्त, बिगड़ी सेहत

- एक सप्ताह से घरों में हो रही दूषित जलापूर्ति, बच्चे बीमार - सड़कों पर उतरे लोगों ने किया पालिका के खिलाफ प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी (बु.)। नगरपालिका परिषद की सीमा में शामिल मौ. संतोष बिहार क्षेत्र में जलापूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। ऐसी स्थिति में बीते एक सप्ताह से घरों में आ रहे गंदा एवं बदबूदार पानी से स्थानीय लोगों के सामने गंभीर समस्या बन चुकी है। हालात ऐसे हैं कि मौहल्ले के कई बच्चे बीमार पड़े हैं, जहां कुछ बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। शहर के सरकुलर रोड स्थित मौहल्ला संतोष बिहार कॉलोनी में जिम्मेदार अधिकारियों की उपेक्षा के चलते यहां के निवासियों को मजबूरी में मंगलवार को सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करना पड़ा। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि बीते एक सप्ताह से यहां पर पानी की टंकी से अत्यंत गंदे और दुर्गंधयुक्त पानी आने से कई बच्चे बीमार हो गए, जिनमें कुछ बच्चों की हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भी भर्ती कराना पड़ा। स्थिति को लेकर क्षेत्र के लोगों में पालिका प्रशासन के खिलाफ रोष व्याप्त है। दूषित जलापूर्ति के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार क्षेत्र में बढ़ता जा रहा है, जिससे अभिभावकों की चिंता गहरी हो गई है। समस्या समाधान की मांग को लेकर लोगों ने एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया और नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान प्रदर्शन करने वाले लोगों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही क्षेत्र में पालिका प्रशासन की ओर से साफ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की तो वे सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उक्त लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की कि क्षेत्र में पानी की टंकियों की तत्काल सफाई कराई जाए, पाइपलाइन की जांच और शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इस दौरान लोगों ने अपने घरों में आ रहे दूषित पानी को बाल्टियों और अन्य बर्तनों में रखकर दिखाते हुए पालिका की अनदेखी तथा ढुलमुल रवैये के खिलाफ असंतोष जाहिर किया। इस दौरान मनोहर सिंह, रेनू लता, नीरज बालियान, राजेंद्र सिंह, मीनू चौहान, मुन्नी, बबीता बालियान, आशु मलिक, उषा सैनी, डोली, ज्योति, रेखा, मिथिलेश, स्वाति ठाकुर सहित अनेक मौहल्लेवासी उपस्थित रहे।

न्यायालय के आदेश पर लगभग डेढ़ वर्ष बाद ट्रक चोरी का मुकदमा दर्ज

-डेढ़ वर्ष तक पुलिस ने मामले में की लीपापोती

भोपा, 10 फरवरी (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव सीकरी से हुए ट्रक चोरी के मामले में डेढ़ वर्ष तक भोपा पुलिस लीपापोती करती रही और पीड़ित का मुकदमा दर्ज नहीं किया, जिसके बाद पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर लगभग डेढ़ वर्ष बाद अज्ञात चोर के खिलाफ ट्रक चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाक्षेत्र ककरौली के गांव ढांसरी निवासी इमरान ने बताया कि वह अपने नाम से पंजीकृत ट्रक से माल ढुलाई का काम करता है।

पीड़ित ने बताया कि बीते लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व वह भोपा थाना क्षेत्र के गांव सीकरी में गन्ना भरने के लिए गया था। उसे अगली सुबह ट्रक में गन्ना भरना था। इसलिए वह अपना ट्रक गांव की ही मस्जिद के पास खड़ा कर अपने एक रिश्तेदार के घर पर चला गया। अगली सुबह जब वह अपना ट्रक लेने के लिए मस्जिद के पास पहुंचा, तो वहां से ट्रक गायब था। यह देख उसके होश उड़ गए। उसने ट्रक को इधर-उधर काफी तलाश किया, लेकिन ट्रक का कोई पता नहीं चल सका, जिस पर उसने भोपा थाने पर पहुंच कर तहरीर देकर कार्यवाई की गुहार लगाई, लेकिन भोपा पुलिस ने मामले में कोई कार्यवाही नहीं की। मामले में कार्यवाही ना होती देख घटना के दो दिन बाद वह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दरबार में पहुंचा, लेकिन मामला ज्यों का त्यों रहा, जिसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर भोपा थाने पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई है।

कुत्तों की नसबंदी में गजब का खेल...

- 33 हजार का दावा, हकीकत में मिले सिर्फ 2200, करोड़ों डकार गए अफसर!

रतलाम, 10 फरवरी (एजेंसी)। अजब मध्य प्रदेश में गजब का मामला है। कुत्तों की नसबंदी के नाम पर भी करोड़ों का घोटाला कर दिया गया। रतलाम शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और डॉग बाइट की घटनाओं के बीच अब एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने नगर निगम की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मध्य प्रदेश के रतलाम में कुत्तों की नसबंदी के नाम पर करोड़ों रुपए के कथित घोटाले की परतें धीरे-धीरे खुलने लगी हैं। इस पूरे मामले की शुरूआत कांग्रेस पार्षद भावना हितेश बेमाल की शिकायत से हुई, जिसे उन्होंने लोकायुक्त के समक्ष दर्ज कराया था। शिकायत के बाद हुई जांच में सामने आया कि साल 2022 से 2025 तक लगातार चार सालों तक बिना समुचित निगरानी, भौतिक सत्यापन और प्रभावी मॉनिटरिंग के निजी फर्मों को भुगतान किया जाता रहा। साल 2022 से 2024 के बीच किए गए 1 करोड़ 73,784 रुपये के भुगतान में गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं। रिपोर्ट में नगर निगम के नोडल अधिकारी सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई है। जांच में यह भी सामने आया कि दो निजी फर्मों द्वारा 114 कुत्तों की नसबंदी का दावा किया गया, जबकि भुगतान की दरों और वास्तविक खर्च के बीच बड़ा अंतर पाया गया। लोकायुक्त को आशंका है कि अधिकारियों और फर्मों के बीच आपसी मिलीभगत के चलते केवल कागजों के आधार पर राशि जारी की गई। रतलाम नगर निगम ने 2022 से मई 2025 तक कुल 33,630 कुत्तों की नसबंदी का दावा करते हुए करीब 2 करोड़ 29 लाख रुपये का भुगतान किया, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े पैमाने पर नसबंदी के बावजूद शहर में न तो आवारा कुत्तों की संख्या घटी और न ही डॉग बाइट की घटनाओं में कोई खास कमी आई। यहीं से पूरे सिस्टम की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। एक और जानकारी सामने आई। चार बार कराई गई नसबंदी में तीन बार हर कुत्ते पर 786 रुपये और एक बार 636 रुपये का भुगतान किया गया, जबकि जानकारी के मुताबिक केवल एक सामान्य नसबंदी किट की कीमत लगभग 845 रुपये होती है। सरकारी गाइडलाइन के मुताबिक पूरे प्रोसेस जैसे कुत्तों को पकड़ना, सर्जरी, दवाइयां, देखभाल और डॉक्टर की फीस का खर्च करीब 1,600 रुपये प्रति कुत्ता आता है। ऐसे में इतनी कम राशि में नसबंदी कैसे कर दी गई? यह जांच का बड़ा सवाल बन गया है। इस पर रतलाम महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा, "अभी कल-परसों ही मुझे जानकारी मिली है कि कांग्रेस के एक पार्षद ने लोकायुक्त में इसकी शिकायत की है.। लोकायुक्त में मामला गया है, तो इसकी जांच होगी और अगर कोई भी अधिकारी दोषी पाया जाएगा, तो हम सख्त कार्रवाई करेंगे." क्या लगता है? जो शिकायत हुई और आरटीआई के तहत जानकारी निकली, उसमें 33,000 से अधिक कुत्तों का नसबंदी का दावा किया गया था, लेकिन जब नगर निगम ने सर्वे कराया तो केवल 2,200 कुत्ते निकले। आखिर 31,000 कुत्ते कहां गए? इस पर महापौर ने कहा कि "देखिए, यह आपके द्वारा मुझे जानकारी मिल रही हा. मैं इसकी जांच करवाता हूं, तब तक मैं खुद जांच नहीं करा लूं, इसके आधार पर कोई निर्णय नहीं ले सकता। मैं पूरी जांच कराने के बाद आपसे बात कर सकता हूं। वर्ष 2022 से 2025 तक अब तक कितने कुत्तों का बधियाकरण हुआ है और उसमें कुल कितनी राशि खर्च की गई है, लेकिन जब जवाब मिला तो आंकड़े चौंकाने वाले थे- वर्ष 2022 से 2025 तक लगभग 33,000 से अधिक कुत्तों का बधियाकरण हुआ है और उसमें 2 करोड़ 58 लाख 80 हजार रुपये से अधिक का भुगतान हुआ है। यह राशि जब हमें मिली तो इसमें चौंकाने वाले तथ्य हैं, जो दर निविदा के माध्यम से स्वीकृत की गई है, वह जीव जंतु कल्याण बोर्ड, नई दिल्ली (शासन की संस्था) के अनुसार एक कुत्ते के बधियाकरण में 1,650 रुपये का खर्च आता है, लेकिन इन्होंने मात्र 636 रुपये में बधियाकरण कर दिया। 636 रुपये में बधियाकरण होना संभव ही नहीं है।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	160500	चांदी-	271000
सिक्का-	2760	गिन्नी-	118810

आपका आज का राशिफल

बुधवार, 11 फरवरी, 2025

मेष- ग्रहयोग बेहतर, आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, मंगल आयोजन सम्पादित परिवार में उल्लास का वातावरण।
वृषभ- दिनचर्या व्यवस्थित, आपसी गलतफहमी दूर, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, कार्य क्षमता में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, परिवर्तन का कार्यक्रम।
मिथुन- वैचारिक अस्थिरता, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, दूसरों की सलाह अमान्य, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, सुख-सुविधा का अभाव।
कर्क- लाभ का सुअवसर, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, आपके स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, मनो-विनोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास।
सिंह- कार्यसिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों का समापन, पठन-पाठन में अभिरुचि, परिवार में सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त, किसी नवीन योजना की शुरूआत।
कन्या- नव उत्तरदायित्व की पूर्ति, आर्थिक पक्ष से सफलता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, सुख के साधन उपलब्ध, आत्मिक शांति की अनुभूति, यात्रा भी।
तुला- आत्मविश्वास में कमी, व्यावसायिक असफलता, परिवार आपसी कलह, स्वजनों से अनबन, धन की क्षति, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चने, यात्रा में परेशानी सम्भव।
वृश्चिक- दिन बेहतर, उलझनों में कमी, नौकरी में पदोन्नति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, मान-सम्मान में वृद्धि, नवसम्पर्क लाभ, खुशी।
धनु- निराशा का समापन, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुख के साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, दूसरों के आश्वासनों से राहत, नव समाचार की प्राप्ति।
मकर- अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छा शक्ति जागृत, विवाद का समापन, खुशी भी।
कुम्भ- प्रियजनों-मित्रों से अनबन, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएं, ताल-मेल का अभाव, सुख के साधन में कमी, पठन-पाठन में अरुचि।
मीन- व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आपसी सौहार्द, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, शत्रु परास्त, प्रसन्नता भी।

नगर पालिका ने आलू मंडी से हटाया गंदगी का अंबार, स्थानीय लोगों को मिली राहत

मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी (बु.)। नगर की प्रसिद्ध आलू मंडी और उसके आसपास लगने वाली सब्जी मंडी में पिछले काफी समय से जमा कूड़े के ढेरों से अब स्थानीय निवासियों को निजात मिल गई है। स्थानीय लोगों द्वारा लगातार की जा रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए नगर पालिका प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की और विशेष टीम भेजकर पूरे क्षेत्र में व्यापक सफाई अभियान चलाया। मिली जानकारी के अनुसार, आलू मंडी क्षेत्र में गंदगी के कारण बदबू आ रही थी, जिससे स्थानीय लोग और व्यापारी बेहद परेशान थे। नागरिकों ने इसकी शिकायत नगर पालिका से की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने अपने अधीनस्थों को कड़े निर्देश दिए कि जनहित की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। चेयरमैन के आदेश मिलते ही सफाई टीम सक्रिय हो गई। पालिका ने अपनी आधुनिक मशीनरी और सफाई कर्मियों की टीम को मौके पर भेजा। कई घंटों तक चले इस अभियान के तहत मंडी के पास जमा कूड़े के बड़े ढेरों को पूरी तरह साफ किया गया। सफाई होने के बाद स्थानीय निवासियों और दुकानदारों ने राहत की सांस ली है। लोगों का कहना है कि कूड़े की समस्या से आवागमन में भी बाधा होती थी, लेकिन अब क्षेत्र साफ-सुथरा नजर आ रहा है। नगर पालिका की इस त्वरित कार्यप्रणाली की प्रशंसा की जा रही है।

मोरना मिल के पूर्व उपसभापति को गणमान्य लोगों ने दी श्रद्धांजलि

भोपा, 10 फरवरी (बु.)। मोरना चीनी मिल के पूर्व उपसभापति मुमताज अली जैदी का बीते 27 जनवरी को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था। मंगलवार को आयोजित शोक सभा में गणमान्य लोगों द्वारा उनके चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। भोपा क्षेत्र के गांव बेलड़ा में भाजपा नेता इरम अली के दिवंगत पिता व प्रसिद्ध समाजसेवी मुमताज अली को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गणमान्य लोगों ने कहा कि स्व. मुमताज अली जैदी व्यवहार कुशल और समाज सेवक थे। उन्हें ईमानदारी के प्रतीक के रूप मे जाना जाता है। उनका जीवन प्रेरणादायक रहेगा। डॉ. हाशिम रजा जैदी ने कहा की उच्च शिक्षा प्राप्त, संस्कारशील मुमताज अली का जीवन आदर्श रूप रहा है। उनका जीवन समाज सेवा के प्रति समर्पित रहा। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी,पूर्व मंत्री राजपाल सैनी, रालोद मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी, अजित राठी, सुप्रिया पाल, इलम सिंह गुर्जर, यशपाल पंवार, अमित प्रमुख, नरेन्द्र प्रमुख, ज्ञानेंद्र सिंह, अजय चेयरमैन, प्रकाशवीर सिंह, विनय प्रधान, जहूर मेंहदी, रामकुमार शर्मा, यशपाल पंवार, दिनेश राठी, पूर्व प्रधानाचार्य राकेश कुमार आदि ने स्वर्गीय मुमताज अली की सामाजिक सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा का संचालन प्रधानाचार्य कैप्टन प्रवीण चौधरी ने किया।

एसडी पब्लिक में भीनी यादों संग मनाया गया आशीर्वचन समारोह

मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी (बुस.)। एसडी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग के प्रागंण में अभिभावकों की उपस्थिति में हर्षोल्लास से मनाया गया। कक्षा बारहवीं का आशीर्वचन समारोह में एसडी पब्लिक स्कूल में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना हेतु आशीर्वचन समारोह (ब्लेसिंग सेरेमनी) का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं आत्मीय वातावरण में किया गया। इस विशेष अवसर पर अभिभावकों को भी ससम्मान आमंत्रित किया गया, जिससे यह समारोह और अधिक भावनात्मक, पारिवारिक एवं स्मरणीय बन गया। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने बारहवीं के सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीतिरिवाज के अनुसार विद्यालय डायरेक्टर चंचल सक्सेना, प्रधानाचार्या भारती तिवारी, उप प्रधानाचार्य शिवकुमार शर्मा, जूनियर इंचार्ज डॉ. रचना जैन, सीनियर इंचार्ज शशिकांत शर्मा, गीता मित्तल व सभी हाउस के प्रीफेक्ट के साथ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना के एक शानदार नृत्य की प्रस्तुति से की गई, जिसने वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियाँ, मनोरंजक फन गेम्स एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सभी उपस्थितजनों का मन मोह लिया। फन गेम्स में अभिभावकों की सहभागिता ने कार्यक्रम में विशेष उल्लास और अपनत्व का भाव भर दिया। ब्लेसिंग सेरेमनी के अंतर्गत कक्षा बारहवीं के सभी विद्यार्थियों ने अपने-अपने वर्ग के अनुसार आकर्षक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें उनकी प्रतिभा आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता स्पष्ट रूप से झलकती रही। प्रत्येक प्रस्तुतियों को दर्शकों ने भरपूर सराहा एवं करतल ध्वनि प्रदान की। इस अवसर पर एसडी पब्लिक स्कूल के सोशल क्लब की ओर से आशादीप स्कूल के बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सामाजिक समर्पण और सौहार्द की भावना को प्रकट करते हुए सोशल क्लब ने आशादीप स्कूल के विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप (शू) जूते प्रदान किए। यह पहले न केवल बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाया बल्कि उनके जीवन में आशा, आत्मविश्वास और उजाले का संदेश भी लेकर आया। आशादीप प्रशासन और अतिथियों ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन सभी छात्रों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने विद्यालय में समय-समय पर होने वाली विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में उच्च स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कार्यक्रम को और भी रोचक बनाते हुए विद्यार्थियों में से बेस्ट. बॉय आयुष कुमार और बेस्ट गर्ल वर्णिका सैनी एवं चीफ प्रीफैक्ट पनवी गोयल का चयन किया गया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ। यह सम्मान उन्हें उनके शैक्षणिक और सह शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका (डायरेक्टर) चंचल सक्सेना ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा के साथ - साथ संस्कार, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों की सफलता में विद्यालय के साथ-साथ अभिभावकों की भूमिका भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा एवं जीवन की आगामी चुनौतियों के लिए शुभकामनाएँ प्रदान की। विद्यालय की प्रधानाचार्या भारती तिवारी ने भी विद्यार्थियों को अपना आशीर्वचन (आभार) प्रदान करते हुए कहा कि विद्यालय को अपने विद्यार्थियों पर गर्व है तथा अभिभावकों के सहयोग से ही बच्चों का स्वर्णिगीण विकास संभव हो पाता है। आशीर्वाद केवल शब्द नहीं वह शक्ति है- जो सपनों को हौसला और भविष्य को दिशा देती है। अंत में विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों द्वारा विद्यार्थियों के लिए सफलता, उत्तम स्वास्थ्य, आत्मविश्वास एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कांमना की गई। यह आशीर्वचन समारोह विद्यालय, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के बीच भावनात्मक जुड़ाव का एक सुंदर और अविस्मरणीय प्रतीक बन गया। कार्यक्रम का सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों काव्य, प्रियराज, उत्कर्ष व अपूर्वा ने किया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की एक्टिविटी इंचार्ज प्रियंका सचदेवा, सुप्रीत कौर एवं रीतू सैनी के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

विधानसभा में दो विधायकों के मोबाइल जब्त

- सदन में फोन बजा तो भड़के स्पीकर, स्कूटी से पहुंचे 90 साल के सपा विधायक

लखनऊ, 10 फरवरी (एजेंसी)। यूपी विधानमंडल में आज बजट सत्र का दूसरा दिन था। सदन में दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि दी जा रही थी। तभी 2 विधायकों के मोबाइल फोन बजने लगे। इस पर स्पीकर सतीश महाना भड़क गए। उन्होंने तुरंत सिक्योरिटी बुलाई और विधायकों की ओर इशारा करते हुए कहा- दोनों माननीय सदस्यों से टेलीफोन ले लो, वो जो पीछे टोपी वाले बैठे हैं। बताया जा रहा कि भाजपा के फतेहपुर सीकरी विधायक चौधरी बाबूलाल और एक अन्य विधायक के मोबाइल बज रहे थे। इससे पहले विधानसभा में सपा के सबसे उम्रदराज विधायक की अनोखी एंट्री हुई। 90 साल के निजामाबाद से विधायक आलम बदी बिना किसी लाव-लश्कर एक स्कूटी पर पीछे बैठकर सदन पहुंचे। इसके बाद वह बिना किसी सहारे सीढ़ियां चढ़ते हुए अंदर पहुंचे। वहीं, विधान परिषद में सपा एमएलसी मान सिंह यादव, लाल बिहारी यादव समेत अन्य सदस्यों ने विभिन्न भर्तियों में आरक्षण में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। इस पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने जवाब दिया। लेकिन, विपक्ष उनके जवाब को अपर्याप्त बताते हुए सदन में ही नीचे बैठकर धरना देने लगा। हंगामे के चलते सदन को 15 मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा।

शराब के ठेके से हजारों की नकदी चोरी, फैली सनसनी

भोपा, 10 फरवरी (बु.)। थाना क्षेत्र ककरौली के बेहड़ा सादात में स्थित शराब ठेके से अज्ञात व्यक्ति ने हजारों रुपए की नगदी चोरी कर ली, जिससे सनसनी फैल गई। ठेका मालिक ने ककरौली थाने पर तहर

1973-2026

सम्पादक की क़लम से

महाराष्ट्र जिला परिषद चुनावों में भाजपा

महाराष्ट्र में जिला परिषद चुनाव परिणाम में सत्ताधारी महायुति ने अच्छा प्रदर्शन किया है। महायुति गठबंधन ने 12 जिला परिषदों की 731 सीट में से 552 सीटों पर जीत हासिल की है। इन नतीजों पर प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने भी एक्स पर बधाई दी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि एक बार फिर महाराष्ट्र ने भाजपा और महायुति को अपना आशीर्वाद दिया है। उन्होंने लिखा कि नगर निगम और नगर पालिका परिषद चुनावों में भाजपा और महायुति की जोरदार सफलता के बाद, महाराष्ट्र के लोगों ने जिला परिषद चुनावों में हमें एक मजबूत जनादेश दिया है। यह स्पष्ट है कि ग्रामीण और शहरी महाराष्ट्र में, राज्य के लोग सुशासन और एक ऐसा गठबंधन चाहते हैं, जो राज्य की गौरवशाली संस्कृति की भावना में काम करे। मैं महाराष्ट्र की अपनी बहनों और भाइयों का आभार व्यक्त करता हूं। महायुति के प्रत्येक कार्यकर्ता को मेरा हार्दिक अभिनंदन, जिन्होंने जमीन पर बिना थके काम किया और महाराष्ट्र सरकार के ठोस रिकॉर्ड के साथ-साथ सुशासन के लिए एनडीए के विजन को विस्तार से समझाया। अजित पवार की मृत्यु के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल है। फडणवीस का सोमवार रात अचानक दिल्ली दौरा और सुनेत्रा पवार की आगामी दिल्ली यात्रा ने राजनीतिक चर्चाओं को बढ़ा दिया है। अजित पवार की पत्नी के शपथ ग्रहण पर भी सवाल उठाए गए थे। फिलहाल इन चुनाव परिणाम के उत्साह में ये खबरें, चर्चाएं दब सी गयी हैं, लेकिन अन्दर ही अन्दर कुछ न कुछ चल जरूर रहा है। इन चुनाव में राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को लातूर और रत्नागिरी में एक-एक सीट मिली है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को 43 और शरद पवार की राकांपा को 26 सीट पर जीत मिली। इस विपक्षी महा विकास आघाडी में कांग्रेस 55 सीट जीतकर सबसे आगे रही।यानी कांग्रेस के खेमे में भी खुशी है। सत्ताधारी महायुति की कुल 552 सीटों में से भाजपा के हिस्से में 225 सीटें आई हैं। वहीं,शिंदे की शिवसेना ने 162 सीटों पर जीत हासिल की है। अजित पवार की एनसीपी ने 165 सीटें जीती। ये चुनाव 28 जनवरी को विमान दुर्घटना में अजित पवार के निधन के कुछ ही दिन बाद हुए थे। शिवसेना ने रायगढ़ जिला परिषद में 59 में से 23 सीट जीतीं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी ने रत्नागिरि जिला परिषद में भी 56 में से 41 सीटों पर जीत हासिल की है। महाराष्ट्र के मुख्यमन्त्री देवेंद्र फडणवीस भी इन चुनाव परिणामों से खुश हैं। महाराष्ट्र में सियासी हलचल भी तेज हो गयी है। देवेंद्र फडणवीस के सोमवार रात अचानक दिल्ली पहुंचने से राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया। देवेंद्र फडणवीस ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से देर रात मुलाकात की और उसके बाद कल तड़के मुंबई लौट गए। महाराष्ट्र के मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में फडणवीस के इस अचानक दिल्ली दौरे को काफी अहम माना जा रहा है। आने वाले कुछ दिनों में राष्ट्रवादी कांग्रेस के विलय को लेकर चर्चाएं तेज होने के संकेत मिल रहे हैं। विलय के संबंध में राज्य के सहयोगी दलों के साथ बातचीत शुरू होने की जानकारी सामने आई है। महाराष्ट्र में अगले कुछ दिनों में बड़े राजनीतिक घटनाक्रम के संकेत हैं। देवेंद्र फडणवीस के दिल्ली दौरे के बाद अब दिवंगत अजित पवार की पत्नी और उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार भी दिल्ली आएंगी। चर्चा है कि सुनेत्रा पवार आज प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगी। मुख्यमन्त्री देवेन्द्र फडणवीस के दिल्ली दौरे के बाद सुनेत्रा पवार के इस दौरे को विशेष महत्व दिया जा रहा है। इस दिल्ली दौरे में एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे और राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल भी उनके साथ रह सकते हैं। महाराष्ट्र के जिला परिषदों और 125 पंचायत समितियों के चुनावों में अजित पवार गुट की राष्ट्रवादी कांग्रेस दूसरे स्थान पर रही। इससे पहले नगरपालिका और महानगरपालिका चुनावों में भी रिकॉर्ड सीटें जीतकर बीजेपी ने बड़ी सफलता हासिल की थी। अजित पवार के बाद 31 जनवरी को उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार ने उप मुख्यमन्त्री पद की शपथ ली थी। महायुति के कार्यकर्त्ता इस जीत से उत्साहित हैं, लेकिन महायुति के भीतर की खींचतान भी उजागर हो रही है। शिवसेना के तीन वरिष्ठ नेताओं ने सुनेत्रा पवार को उनके पति अजित पवार के निधन के मात्र तीन दिन में उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लिए जाने की आलोचना की थी। पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में हुई मौत पर हो रही कथित राजनीति को लेकर देवेंद्र फडणवीस ने नाराजगी भी जताई थी। सामाजिक न्याय मंत्री और शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने छत्रपति संभाजीनगर में कहा था कि इस दुखद घटना के तुरंत बाद शपथ लेना आम लोगों को स्वीकार्य नहीं है। उद्योग मंत्री उदय सामंत ने कहा था कि सुनेत्रा पवार के उपमुख्यमंत्री बनने पर किसी को दुखी नहीं होना चाहिए, लेकिन इस बात पर संदेह है कि शपथ ग्रहण समारोह इतनी जल्दी क्यों हुआ। उन्होंने सवाल किया कि क्या किसी ने इसकी पटकथा लिखी थी? रामदास कदम ने एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे पर निशाना साधते हुए कहा था कि उन्होंने उन लोगों के हितों के खिलाफ काम किया, जिन्होंने उनके करियर में आगे बढ़ने में उनकी मदद की थी। कदम ने कहा कि अजित पवार की मृत्यु के बाद,तटकरे ने शरद पवार को मात देने की गंदी राजनीति की, जो शर्मनाक है। दादा की मृत्यु के तुरंत बाद सुनेत्रा पवार को शपथ दिलाना महाराष्ट्र की संस्कृति के अनुरूप नहीं है। महाराष्ट्र सुनील तटकरे को कभी माफ नहीं करेगा। शिवसेना नेताओं के बयानों के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमन्त्री फडणवीस ने कहा कि यह विवाद अनावश्यक और गलत है। इस मामले में हर कोई अपनी-अपनी राजनीति करने की कोशिश कर रहा है। इस तरह की घटिया राजनीति बंद होनी चाहिए। शीघ्र शपथ की चर्चाओं को खूब हवा मिली, लेकिन सुनेत्रा पवार ने पति के निधन के 13 दिन बाद कल अपना कार्यभार संभाला। सुनेत्रा पवार राज्य के उत्पाद शुल्क, खेल और युवा कल्याण, अल्पसंख्यक विकास और औकाफ मंत्रालयों का कार्यभार भी संभालेंगी। उनके दिवंगत पति अजित पवार के पास वित्त मंत्रालय भी था, जिसकी जिम्मेदारी फिलहाल मुख्यमन्त्री देवेंद्र फडणवीस संभाल रहे हैं। इस पर भी निकृष्ट रजनीति करने की कोशिशें हुई।

चार तीर

सुनील उत्सव

'मुद्दा' 'कुर्सी' 'जनता' 'इज्जत'

ये कैसे-कैसे मुद्दे तुम उठाते हो यहाँ प्यारे,
न जाने कौन सा मुद्दा तुम्हारी कुर्सी ले जाए।
न जनता में कोई इज्जत, न चमचों में कोई इज्जत,
न जाने कौन सा मुद्दा तुम्हारी कुर्सी ले जाए।

मुजफ्फरनगर व शामली क्षेत्र के समग्र व संतुलित विकास की दिशा में एमडीए के बढ़े कदम

– एटूजेड रोड समेत कई अन्य सड़कों का होगा चौड़ीकरण

मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी (बु.)। एमडीए की 59वीं बोर्ड बैठक सहारनपुर मंडलायुक्त के कार्यालय में विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं मंडलायुक्त रूपेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुजफ्फरनगर व शामली के डीएम, विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व सचिव, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के प्रतिनिधि सहायक वास्तुविद् नियोजक, मुख्य कोषाधिकारी सहारनपुर, लोक निर्माण विभाग अधीक्षण अभियंता, जल निगम अधिशासी अभियंता समेत प्राधिकरण के बोर्ड सदस्य, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। मंडलायुक्त की अध्यक्षता में संपन्न बैठक की शुरूआत 58वीं बोर्ड बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि के साथ प्रारंभ हुई। इसके बाद 59वीं बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किए विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बोर्ड के समक्ष वित्तीय वर्ष से संबंधित बजट प्रस्ताव रखा गया, जिसे विचार-विमर्श के बाद स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत निस्तारित संपत्तियों को निष्प्रयोज्य घोषित किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई, जिससे भविष्य की योजनाओं के लिए संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जा सके। उक्त बैठक में सेवानिवृत्त एवं अंशकालिक कार्मिकों को आवश्यकता के आधार पर रखे जाने संबंधी प्रस्ताव पर भी बोर्ड ने अनुमोदन दिया। इस निर्णय से प्राधिकरण के कार्यों में अनुभव का लाभ लेते हुए प्रशासनिक व तकनीकी कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई गई। बैठक में शहर के सुनियोजित विकास को ध्यान में रखते हुए मुजफ्फरनगर महायोजना की सीमा के विस्तार का प्रस्ताव बैठक में रखा गया। इसके तहत जानसठ रोड, दिल्ली रोड, रुड़की रोड, सहारनपुर रोड और शामली रोड की दिशा में महायोजना का विस्तार किए जाने पर सहमति बनी। इसके अलावा एटू जेड रोड पर उपलब्ध चौड़ाई के अनुसार सड़क चौड़ीकरण के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। इस प्रस्ताव के चलते नगरीय क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में सुधार किए जाने के साथ भविष्य की बढ़ती जरूरतों को पूरा किए जाने पर चर्चा की गई। इस बैठक में शामली महायोजना को लेकर भी निर्णय लिया। शामली महायोजना में 52 ग्रामों को सम्मिलित करते हुए प्राधिकरण ने जीआईएस आधारित महायोजना तैयार किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इससे क्षेत्रीय विकास को भविष्य में वैज्ञानिक व तकनीकी आधार पर आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी, वहीं भूमि के उपयोग, सड़क, आवास और बुनियादी सुविधाओं की बेहतर योजना भी बनाई जा सकेगी।

सेफ इंटरनेट दिवस पर संपन्न साइबर जागरूकता कार्यशाला

– सेफ एआई, डिजिटल अरेस्ट व साइबर अपराध से बचाव को किया जागरूक

मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी (बु.)। जिला पंचायत सभागार में इंटरनेट सेफ-डे के अवसर पर व्यापक साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार एवं एसपी अपराध इन्दु सिद्धार्थ की अध्यक्षता में संपन्न कार्यशाला का उद्देश्य इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, एआई के जिम्मेदाराना प्रयोग और साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में अधिकारियों को जागरूक करना रहा। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को इंटरनेट के सुरक्षित व्यवहार, मजबूत पासवर्ड प्रयोग, दो-स्तरीय प्रमाणीकरण, सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में सावधानी तथा संदिग्ध लिंक व ई-मेल से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर छोटी सी लापरवाही गंभीर वित्तीय एवं व्यक्तिगत नुकसान का कारण बन सकती है। इस बीच सेफ एआई उपयोग पर विशेष चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि एआई तकनीक प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल, त्वरित एवं प्रभावी बनाती है, किंतु इसके प्रयोग में डेटा सुरक्षा, गोपनीयता एवं नैतिक मानकों का पालन किया जाना अनिवार्य है। अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी एआई आधारित टूल का उपयोग केवल अधिकृत व विश्वसनीय प्लेटफॉर्म के माध्यम से ही किया जाए तथा संवेदनशील शासकीय सूचनाओं को असुरक्षित माध्यमों पर साझा न किया जाए। पुलिस अधीक्षक अपराध द्वारा डिजिटल अरेस्ट के संबंध में विशेष रूप से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी स्वयं को पुलिस, सीबीआई, ईडी या अन्य जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर वीडियो कॉल अथवा फोन के माध्यम से व्यक्ति को मानसिक रूप से भयभीत कर डिजिटल अरेस्ट का भ्रम पैदा करते हैं। ऐसे मामलों में पीड़ित को घर से बाहर न निकलने, कैमरे के सामने बने रहने या धनराशि ट्रांसफर करने का दबाव बनाया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत में ऐसी कोई भी वैधानिक प्रक्रिया नहीं है और यह पूर्णतः साइबर ठगी का तरीका है। ऐसी संदेह की स्थिति में तत्काल कॉल काटकर स्थानीय पुलिस, साइबर सेल या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें। साथ ही परिवार के सदस्यों एवं सहकर्मियों को ऐसे नए साइबर अपराध के तरीकों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया। अपर जिलाधिकारी राजस्व गजेन्द्र कुमार ने कहा कि इस डिजिटल युग में प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका केवल स्वयं सुरक्षित रहने तक सीमित नहीं है, बल्कि आम नागरिकों को साइबर सुरक्षा के प्रति सजग करना सभी का सामूहिक दायित्व है। इस प्रकार की जागरूकता कार्यशालाएं साइबर अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस दौरान एसडीएम सदर, एसडीएम जानसठ, बंदोबस्त चकबन्दी अधिकारी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

तितावी पुलिस ने 10 हजार के इनामी को पकड़ा

– युवती के अपहरण मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

तितावी, 10 फरवरी (बु.)। तितावी थाना क्षेत्र में एक युवती के अपहरण के मामले में वांछित आरोपी आरिफ पुत्र सलीम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। एसएसपी के आदेश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत तितावी पुलिस ने आरिफ को अमीरनगर रोड पर हाईवे से लगभग 200 मीटर दूर से पकड़ा। पुलिस ने लगभग 10 दिन पहले आरिफ पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। आरिफ के खिलाफ मु०अ०स० 18/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 87/142/65(1), पॉक्सो एक्ट की धारा 5(छ)/6 और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध संशोधन अधिनियम 2024 की धारा 3/5 (3) के तहत मामला दर्ज है। पुलिस के अनुसार, आरिफ को 10 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे गिरफ्तार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक गौरव मलिक, उपनिरीक्षक अमित कुमार और कांस्टेबल 2106 इमरत शामिल थे।

वकीलों की पांच-कोणीय जंग में कूदा बार संघ

– डिस्ट्रिक्ट बार संघ चुनाव के लिए तीन नामांकन वापस – अध्यक्ष और महासचिव पद पर तमाम धुरंधर मैदान में

मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी (बु.)। सोमवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए नाम वापसी के दिन आज तीन प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस ले लिए। अध्यक्ष पद पर पुराने धुरंधर प्रमोद त्यागी व अनिल जिंदल तथा महासचिव पर जितेंद्र कुमार व सुरेंद्र कुमार मलिक समेत पांच-पांच दिग्गजों के मैदान में रहते अब यह चुनाव बेहद दिलचस्प होने की उम्मीद है। बार चुनाव के लिए अब 14 फरवरी को वोटिंग होनी है। इसके लिए आचार संहिता लागू हो चुकी है। बार चुनाव के लिए नामांकन के बाद मंगलवार को नाम वापसी का दिन था। इस दौरान अध्यक्ष और महासचिव पद के सभी 05-05 दावेदारों ने मैदान में डटे रहने का फैसला किया। आज जिन उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिए उनमें वरिष्ठतम उपाध्यक्ष पद के लिए स्वर्ण सिंह, कोषाध्यक्ष पद के लिए अबरार अहमद और सहसचिव पद के लिए शशि प्रभा शामिल हैं। इस तरह चुनावों के लिए तमाम दिग्गजों के मैदान में बने रहने से इस बार मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। अध्यक्ष पद के लिए पूर्व अध्यक्ष अनिल जिन्दल, अर्जुन सिंह, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, मौ. अन्जुम खां और सुरेन्द्र पाल मैनवाल मैदान में डटे हैं तो उनके साथ ग्रुपों में महासचिव पद के लिए जितेन्द्र कुमार, नवाब अली चौधरी, प्रदीप कुमार मलिक, विकास त्यागी और सुरेन्द्र कुमार मलिक ताल ठोंकने की तैयारी कर रहे हैं।

वरिष्ठतम उपाध्यक्ष पद के लिए ईश्वर चन्द त्यागी, चन्द्रवीर चौधरी, धर्मेन्द्र कुमार पुंडीर व नरेन्द्र सिंह तथा कोषाध्यक्ष पद पर अमित कुमार जैन, नीशु कान्त शर्मा, मुनव्वर हुसैन, सुधीर कुमार चौहान और सुभाष चन्द मैदान में हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष 15 वर्ष के लिए अब्दुल हक, देवेंद्र कुमार कैल, राधेश्याम त्यागी, शौकिन्द्र कुमार, सनसवीर, संदीप कुमार डबास एवं उपाध्यक्ष 10 वर्ष के लिए अमित भारद्वाज, अमित मैनी, कृष्णपाल, नीरज कुमार, मौ. गुलबहार त्यागी, मौ. यासीन व सुरेन्द्र चौधरी मैदान में हैं। इसके अलावा वरिष्ठ सदस्य पद पर कमल कुमार बिल्टोरिया, कमल कुमार मित्तल, कमल कृष्ण गुप्ता, जय कुमार नायडू, तरूण सौदे, दीपक कुमार धीमान, प्रशांत कुमार राजा, महीपाल सिंह, मुस्तकीम अली, राजीव कुमार जैन, राजेश कुमार सैनी व विपुल शर्मा मैदान में बचे हैं। कनिष्ठ सदस्य पद के लिए अभिषेक बर्मन, आदर्श चौधरी, आदीश वर्मा, आशु धीमान, कमरूना गौर, नरेंद्र सिंह, नितिन कुमार राठी, प्रभात बालियान, प्रविंद्र कुमार, प्रिंस गोलियान, मनोज कुमार, मौ.ताहिर राव, मौ.शाहवेज, रामवीर सिंह, विराट शर्मा, शिखा चौधरी, सद्दाम हुसैन त्यागी तथा सुमित कुमार सहरावत चुनाव की जंग में कायम हैं। प्रत्याशियों के नाम फाइनल होते ही अब 14 फरवरी को सुबह से मुख्य चुनाव अधिकारी उदयवीर सिंह पोरिया व चुनाव अधिकारी ललित कुमार शर्मा, रमेश चन्द गोयल, ज्ञानेन्द्र कुमार त्यागी, रियाज हसन राठी, धर्मेन्द्र कुमार पुंडीर, सरब सिंह, कैलाश चन्द, मनोज सौदाई, सतेश्वर तोमर के अलावा एल्डर कमेटी चेयरमैन आनन्द प्रकाश त्यागी, सदस्य के रूप में नासिर अली, हासानन्द शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता की देखरेख में मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी।

2369 अधिवक्ता इस चुनाव में मतदान कर सकेंगे। इससे पूर्व तमाम प्रत्याशी अपने प्रचार में जुट चुके हैं और तमाम गुट अपने प्रत्याशियों के साथ वोटरों को लुभाने की जोड़तोड़ में व्यस्त हैं।

बार संघ जानसठ का मतदान 18 फरवरी को

जानसठ, 10 फरवरी (बु.)। एल्डर कमेटी के चेयरमैन प्रदीप गोयल ने बताया कि तहसील बार संघ का मतदान अब 18 फरवरी को होगा। 12 फरवरी को होने वाला मतदान स्थगित कर दिया गया है। मंगलवार को बार संघ के सभागार कक्ष में एल्डर कमेटी और अध्यक्ष शशि कुमार सैनी की मौजूदगी में अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई। सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि एल्डर कमेटी के सदस्य वेदप्रकाश सैनी के पुत्र और दस्तावेज लेखक हाजी नासिर की आकस्मिक मृत्यु होने से चुनाव प्रक्रिया को निरस्त किया जाए। इसके बाद एल्डर कमेटी ने 12 फरवरी को होने वाले मतदान की प्रक्रिया को निरस्त कर दिया। एल्डर कमेटी ने घोषणा करते हुए कहा कि अब बुधवार को पर्चे वापसी ले सकेंगे। 18 फरवरी को मतदान होगा। 19 फरवरी को मतगणना होगी उसी दिन विजेताओं की घोषणा भी की जाएगी।

चाचा पर दरांती से किया जानलेवा हमला बीच बचाव में पिता भी घायल

सिखेड़ा, 10 फरवरी (बु.)। क्षेत्र के गांव मंदौड़ में मामूली बात को लेकर शराब के नशे में भतीजे ने अपने चाचा के सिर में दरांती मारकर घायल कर दिया। बीच बचाव में दरांती हाथ में लगने से आरोपित का पिता भी घायल हो गया। हमला करने के बाद आरोपित युवक भाग गया। क्षेत्र के गांव मंदौड़ निवासी ओमबीर और उसका छोटा भाई 52 वर्षीय महिपाल सिंह गांव में एक ही घर में एक साथ रहते हैं। महिपाल अविवाहित है। ओमबीर का पुत्र विनीत उर्फ लल्ला अलग मकान में रहता है। थाना प्रभारी योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि सोमवार की रात विनीत शराब पीकर घर पहुंचा। चाचा महिपाल व उसके भतीजे में शराब पीने को लेकर कहासुनी हो गई। भतीजे ने शराब के नशे में दरांती चाचा के सिर में मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर बीच बचाव कराने आए विनीत के पिता ओमबीर भी हाथ में दरांती लगने से घायल हो गए। हमला करने के बाद आरोपित भाग गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल को जानसठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। पिता ने गांव के चिकित्सक से उपचार कराया। हमलावर के पिता ने अपने पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि आरोपित की तलाश की जा रही है।

खतौली शुगर मिल के जीएम कुलदीप राठी व एजीएम विनेश कुमार पर गंभीर आरोप

– घटिया दवाई बेचने के लिए राहुल को बाध्य करते थे दोनों अधिकारी

मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी (बु.)। खतौली शुगर मिल में कार्य करने वाले राहुल मलिक निवासी ग्राम गोयला ने शुगर मिल के **जीएम कुलदीप राठी व एजीएम विनेश कुमार** ने आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर जानकारी देते हुए बताया कि भाकियू-अ के बैनर तले डीएम व एसएसपी को अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए आया है। उसने मीडिया के कैमरे पर साफतौर पर कहा कि खतौली शुगर मिल में वह कार्यरत था और उसे बिना नोटिस दिये ही सिर्फ इसलिए नौकरी से निकाल दिया गया, क्योंकि वह घटिया दवाईयां बेचने का विरोध करता था। पीड़ित राहुल मलिक का कहना है कि 38-40 प्रतिशत का कमीशन लेकर जीएम कुलदीप राठी व एजीएम विनेश कुमार बाजारों में खेती से सम्बंधित ऐसी दवाईयां बिकवाते हैं, जिनका कोई असर नहीं होता। इतना ही नहीं आने वाली सब्सिडी को भी आधे से अधिक दोनों अधिकारी खाने का काम करते हैं। राहुल का बताना है कि वह पहले भी कई बार अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए जिलाधिकारी व एसएसपी के दरवाजे खटाखटा चुके हैं मगर सीओ खतौली की मिलीभगत के चलते किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है, इसलिए आज मजबूर होकर उसे अपने साथियों के साथ प्रदर्शन करने के लिए आना पड़ा और फिर एक बार अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

बंटी-बबली को सबक सिखाने को लठ पूजन

मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी (बु.)। क्रांति सेना कार्यालय पर महिला मोर्चा क्रांति सेना जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी के नेतृत्व में क्रांति सेना व शिवसेना द्वारा लठ पूजन कार्यक्रम किया गया। आगामी 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के विरोध में आयोजित लठ पूजन कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी ने कहा कि अगर कोई रेस्टोरेंट में संदिग्ध हालत में मिला तो हम उसका लठों से इलाज कर देंगे। उन्होंने कहा कि हमने लठ पूजन कार्यक्रम किया है जहां मिलेंगे बंटी-बबली तोड़ देंगे हड्डी पसली का नारा हमने लगा दिया है और जो ना माने झंडे से मारेंगे डंडों से। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन को एक पत्र के माध्यम से अपनी मंशा से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि 14 तारीख में पुलवामा में जो अटैक हुआ था उसके लिए ब्लैक डे मनाना चाहिए ना कि वैलेंटाइन डे। वैलेंटाइन डे से समाज में गंदगी फैल रही है और बच्चे भी बिगड़ रहे हैं, जिसमें सुधार की जरुरत है। उन्होंने आह्वान किया कि ऐसे में अच्छा होगा कि पुलवामा में जो शहीद हुए हैं उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए इस दिन को ब्लैक डे घोषित होना चाहिए। इस दौरान पूनम चौधरी, सुमन विश्वकर्मा, राखी प्रजापति, मोनिका, निधि शर्मा, मिथिलेश गिरी, अनीता प्रजापति, सुमन प्रजापति, सीमा, मीनू शर्मा, सरिता शर्मा, अनोखी दुबे आदि मौजूद रहे।

एमजी पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए हुआ आशीर्वाद समारोह

मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी (बुस.)। एमजी पब्लिक स्कूल परिसर में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए भावनात्मक और प्रेरणादायी आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ उनको जीवन में सफलता के लिए ईमानदारी, परिश्रम और अनुशासन की राहत पर चलने का संदेश दिया गया। एमजी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि स्कूल कैंपस में मंगलवार को शैक्षिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के लिए आशीर्वाद समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय से विदा हो रहे विद्यार्थियों को परीक्षा और भविष्य की चुनौतियों के लिए मानसिक रूप से सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। समारोह की खास बात प्राइमरी विंग के नन्हें बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई आकर्षक सांस्कृतिक मंचीय प्रस्तुतियाँ रहीं। इन प्रस्तुतियों ने सीनियर विद्यार्थियों के साथ बिताए गए पलों की मधुर स्मृतियों को जीवंत कर दिया। गीत, नृत्य और भावनात्मक और प्रेरणादायक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को आत्मीयता और उल्लास से भर दिया। आशीर्वाद समारोह में शिक्षिका निर्मला वर्मा, हिमांशु, श्वेता गुप्ता, शिक्षक राजीव त्रिखा ने विद्यालय परिवार की ओर से विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों और उत्कृष्टता के साथ जीवन पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों को उनकी परीक्षाओं में सफलता और भविष्य में निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। इसके साथ ही विद्यालय के हैड ब्वॉय और हैड गर्ल के साथ ही चारों हाउस नानक, टैगोर, कृष्णा और रामा के स्टूडेंट्स काउंसिल के विद्यार्थियों को प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में स्कूल से विदा हो रहे छात्र-छात्राओं ने भी अपने संस्मरण सुनाये और उनकी यात्रा को अविस्मरणीय बनाने के लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत की गई वीडियो ने सभी को भावुक कर दिया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा केवल ज्ञान की नहीं, बल्कि आत्मसंयम, धैर्य और निरंतर प्रयास की भी होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास बनाए रखते हुए पूरे मनोयोग से परिश्रम करने का आह्वान किया। अपने प्रेरक और मार्गदर्शनपरक संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होती, बल्कि संस्कार, आत्मविश्वास और जीवन मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देती है। लक्ष्य पर केंद्रित रहकर सकारात्मक सोच बनाए रखना सफलता की कुंजी है। परीक्षा के समय मानसिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि शांत मन ही सही निर्णय लेने में सक्षम होता है। उन्होंने कहा कि वे कठिन परिस्थितियों में भी निरंतरता बनाए रखें और स्वयं पर से विश्वास न खोएं। प्रधानाचार्या ने विश्वास जताया कि विद्यालय से प्राप्त संस्कार, अनुशासन और मूल्य विद्यार्थियों को न केवल परीक्षा में, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सहायक होंगे। समारोह का समापन सीनियर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना और भावनात्मक विदाई के साथ किया गया। यह आशीर्वाद समारोह विद्यार्थियों के लिए एक नई शुरूआत का संबल बनकर स्मृतियों में सदा अंकित रहेगा। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ का सहयोग रहा।

अटल आवासीय विद्यालय में 220 सीटों के सापेक्ष प्राप्त हुए 450 आवेदन

मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी (बु.)। सहायक श्रमायुक्त देवेश सिंह ने बताया कि सहारनपुर मंडल क्षेत्र के अटल आवास विद्यालय मुजफ्फरनगर के जानसठ तहसील क्षेत्र के गांव नंगला बुजुर्ग में इस बार भी 8 मार्च को प्रवेश परीक्षा आयोजित होने वाली है। इसमें जिले के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए होने वाली परीक्षा में 220 बच्चों के सापेक्ष अभी तक 450 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। जिसमें कक्षा 6 के लिए 140 ब

लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश

ओम बिरला का लोकसभा में ना जाने का फैसला; 9 मार्च को प्रस्ताव पर चर्चा होगी

नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसी)। विपक्ष ने मंगलवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश कर दिया। इसमें 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि ओम बिरला अब लोकसभा नहीं जाएंगे। अविश्वास प्रस्ताव के गिरने के बाद ही वह स्पीकर की चेयर संभालेंगे। एजेंसी के मुताबिक विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में 9 मार्च को चर्चा हो सकती है। 13 फरवरी को बजट सत्र के वर्तमान सेशन का आखिरी दिन है। इसके बाद 8 मार्च से सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होगी। इससे पहले बजट सत्र के 10वें दिन संसद दो बार स्थगित हुई। दोपहर 2 बजे से संसद की कार्यवाही शुरू हो सकी। लोकसभा मंगलवार को पहले 11 बजे, फिर 12 बजे स्थगित हुई। इसके बाद दोपहर 2 बजे फिर कार्यवाही शुरू हो गई। ओम बिरला इस बार भी चेयर पर नहीं आए। उनकी जगह केपी तेनेट्टी आए हैं। शशि थरूर ने बजट पर चर्चा की शुरूआत की। स्पीकर ओम बिरला ने मंगलवार को लोकसभा सेक्रेटरी जनरल उत्पल कुमार सिंह को विपक्ष द्वारा उन्हें पद से हटाने का प्रस्ताव लाने के लिए दिए गए नोटिस की जांच करने का निर्देश दिया। लगभग 120 विपक्षी सांसदों ने बिरला को पद से हटाने का प्रस्ताव लाने के लिए नोटिस दिया था, क्योंकि उन्होंने नेता विपक्ष राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन में बोलने की अनुमति नहीं दी थी, साथ ही आठ सांसदों को सस्पेंड करने का भी नोटिस दिया था।

कांग्रेस सांसद और चीफ व्हिप के सुरेश ने अपनी पार्टी, समाजवादी पार्टी और डीएमके समेत कई विपक्षी पार्टियों की तरफ से लोकसभा सेक्रेटेरिएट को नोटिस दिया। हालांकि, टीएमसी सांसदों ने नोटिस पर साइन नहीं किए। कांग्रेस की तरफ से लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव में कहा गया है, भारत के संविधान के आर्टिकल 94 सी के नियमों के तहत ओम बिरला को लोकसभा स्पीकर के पद से हटाने के लिए प्रस्ताव का नोटिस इसलिए दिया गया है क्योंकि वह लोकसभा का कामकाज खुलेआम एकतरफा तरीके से कर रहे हैं। कई मौकों पर, विपक्षी पार्टियों के नेताओं को बोलने नहीं दिया गया, जो संसद में उनका बुनियादी लोकतांत्रिक अधिकार है।

राहुल का यह बयान पब्लिशिंग कंपनी पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के उस क्लैरिफिकेशन के बाद आया, जिसमें कहा गया कि नरवणे की किताब अभी तक पब्लिश नहीं हुई है। पब्लिशिंग के सभी राइट्स हमारे पास हैं। पेंगुइन कंपनी ने कहा- अब तक किताब की न तो कोई छपी हुई और न ही डिजिटल कॉपी सामने आई है। हमारी तरफ से किताब का कोई भी हिस्सा कहीं भी सार्वजनिक नहीं किया गया है। कंपनी की सफाई इसलिए आई, क्योंकि बुक की अनअथॉराइज्ड कॉपियों के लीक और ऑनलाइन सकुर्लेशन का दावा है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने रिपोर्ट भी दर्ज की है। दरअसल, राहुल गांधी पूर्व आर्मी चीफ की किताब लेकर लोकसभा पहुंचे थे। पूरा विपक्ष इस बात पर अड़ा है कि उन्हें सदन में बोलने दिया जाए।

अविश्वास प्रस्ताव नोटिस पर राहुल गांधी ने ही नहीं किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसी)। लोकसभा में विपक्षी सांसदों को न बोलने देने का आरोप लगाते हुए विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का नोटिस दिया है। हैरानी की बात ये है कि विपक्ष राहुल गांधी को सदन में न बोलने देने का आरोप लगा रहा है और राहुल गांधी ने ही स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं! लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्षी सांसदों ने लोकसभा सचिवालय को अविश्वास प्रस्ताव लाने का नोटिस दिया है। यह नोटिस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संसद में न बोलने देने के आरोप में लाया जा रहा है। हालांकि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने ही इस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई ने कांग्रेस सूत्रों के हवाले से बताया कि स्पीकर को पद से हटाने के नोटिस पर नेता प्रतिपक्ष का हस्ताक्षर करना संसदीय लोकतंत्र में सही नहीं है। इसी वजह से राहुल गांधी ने नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं करने का फैसला किया।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल की मांग पर केंद्रीय मंत्री ने दी 419.47 करोड़ की स्वीकृति

मेरठ-हरिद्वार एनएच-58 पर मुजफ्फरनगर बाईपास परियोजना को मिली गति

मुजफ्फरनगर, 10 फरवरी (बु.)। राष्ट्रीय राज्यमार्ग-58 पर दौड़ते वाहनों के बीच दुर्घटनाओं की संभावनाओं को रोके जाने के साथ सुगम यात्रा की दिशा में सार्थक पहल ने नई उम्मीदों को पंख लगाने का काम होने जा रहा है। इस कड़ी में सरकार में मंत्री व नगर विधायक कपिल देव की मांग पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मेरठ-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग-58 पर मुजफ्फरनगर के बाईपास के आरंभिक भाग में करीब ढाई किमी का महत्वपूर्ण अवसंरचना विकास कार्यों हेतु 419.47 करोड़ रुपए की लागत से परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना के सफल होने के बाद वहलना क्षेत्र अपनी अलग पहचान बनाकर उभरेगा।

मंत्री कपिल देव ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत मुजफ्फरनगर बाईपास पर बिंदु पर 6-लेन फ्लाईओवर का निर्माण कराने के साथ इसके सहायक मार्गों का विकास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त वर्तमान 4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग को 6-लेन तक चौड़ा किया जाएगा, जिससे क्षेत्रीय तथा अंतर्राज्यीय यातायात को बेहतर क्षमता और गति मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य मुजफ्फरनगर शहर में प्रवेश और निकास करने वाले वाहनों के कारण वहलना चौक के पास उत्पन्न होने वाली तमाम यातायात बाधाओं को दूर कर सुगम एवं निर्बाध यातायात प्रवाह सुनिश्चित करना है। इसके माध्यम से दिल्ली-उत्तराखंड कॉरिडोर पर यात्रा समय में कमी आएगी तथा माल परिवहन, तीर्थ एवं पर्यटन यातायात को विशेष लाभ प्राप्त होगा। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि परियोजना के अंतर्गत प्रमुख चौराहों पर ग्रेड-सेपरेटेड संरचनाओं का निर्माण, जंक्शनों का सुधार एवं आधुनिकीकरण, क्रॉस-ड्रेनेज संरचनाओं का चौड़ीकरण, सुरक्षित और कुशल आवागमन सुनिश्चित करने के लिए स्लिप रोड का निर्माण किया जाएगा। साथ ही यह परियोजना नियोजित शहरी विस्तार को प्रोत्साहित करते हुए रिबन डेवलपमेंट को भी बढ़ावा देगी। सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दुर्घटना-संभावित स्थलों और ब्लैकस्पॉट पर वाहन अंडरपास का निर्माण किया जाएगा, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी और स्थानीय यातायात के लिए भविष्य में सुरक्षित क्रॉसिंग उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना मुजफ्फरनगर के साथ आसपास के क्षेत्रों में यातायात की व्यवस्था को आधुनिक एवं सुचारू बनाने के साथ-साथ क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों, औद्योगिक परिवहन, कृषि आपूर्ति श्रृंखला और धार्मिक पर्यटन को भी महत्वपूर्ण बढ़ावा प्रदान करेगी।

विपक्ष की भूलः लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव में 2026 की जगह लिखा 2025

नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसी) लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की विपक्ष की कोशिश उस समय अटक गई, जब प्रस्ताव के नोटिस में तकनीकी खामियां पाई गईं। नोटिस में वर्ष 2026 की जगह बार-बार 2025 लिखा गया था, जिसे गंभीर प्रक्रियागत चूक माना गया। इसके बाद कांग्रेस को संशोधित नोटिस के साथ प्रस्ताव दोबारा जमा करना पड़ा।

प्रक्रियागत नियमों के अनुसार, ऐसे किसी भी प्रस्ताव में सभी जानकारियों का सटीक और तथ्यात्मक रूप से सही होना अनिवार्य होता है। साल की गलती सामने आने के बाद नोटिस को स्वीकार नहीं किया गया, जिससे विपक्ष को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा।

यह मामला इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि हाल ही में तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाए गए एक प्रस्ताव को भी तकनीकी कारणों से खारिज कर दिया गया था। उस समय उनके उपनाम की वर्तनी में गलती पाई गई थी। लगातार हो रही ऐसी चूकों ने विपक्ष की रणनीति और तैयारी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बुलंदशहर में फर्जीवाड़ाः 'मुर्दे' को दी ई-रिक्शा चलाने की ट्रेनिंग, आरटीओ ने सर्टिफिकेट भी किया जारी

बुलंदशहर, 10 फरवरी (एजेंसी)। यूपी के बुलंदशहर जिले में ड्राइविंग ट्रेनिंग के नाम पर बड़ा घोटाला सामने आया है। स्थाना क्षेत्र के कर उप परिवहन आयुक्त, मेरठ मंडल से मान्यता प्राप्त राजा मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल ने एक ऐसे व्यक्ति के नाम ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण प्रमाणपत्र जारी कर दिया, जिसकी कई महीने पहले सड़क हादसे में मौत हो चुकी थी। मामले के अनुसार, शेखुपुर रौरा निवासी सुखवीर के नाम 10 अगस्त 2025 को ई-रिक्शा की 10 दिवसीय ट्रेनिंग का सर्टिफिकेट जारी किया गया। प्रमाणपत्र में उल्लेख है कि सुखवीर ने 01 अगस्त से 10 अगस्त 2025 तक प्रशिक्षण प्राप्त किया। जारीकर्ता इमरान ने सर्टिफिकेट में यह भी प्रमाणित किया कि वह सुखवीर की ड्राइविंग क्षमता और शारीरिक फिटनेस से पूरी तरह संतुष्ट हैं। लेकिन हकीकत चौंकाने वाली है। जिस सुखवीर को ट्रेनिंग देने का दावा किया गया, उसकी 01 मार्च 2025 को सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी थी। इतना ही नहीं, 21 अप्रैल 2025 को जिला अस्पताल द्वारा उसका डेथ सर्टिफिकेट भी जारी किया जा चुका है। सवाल यह है कि जो व्यक्ति पांच महीने पहले ही दुनिया छोड़ चुका था, उसे 10 दिन तक प्रशिक्षण किसने और कैसे दिया? सर्टिफिकेट किस आधार पर जारी हुआ? और सबसे अहम, आरटीओ (ट्रेनिंग) मेरठ के काउंटर साइन आखिर किन दस्तावेजों के आधार पर किए गए?

टीईटी अनिवार्यता पर आर-पार का एलान, शिक्षक बोले यदि राहत नहीं मिली करेंगे दिल्ली कूच

लखनऊ, 10 फरवरी (एजेंसी) देश भर के परिषदीय शिक्षक संसद के वर्तमान सत्र में शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्यता से राहत मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। हालांकि हाल ही में संसद में शिक्षा मंत्रालय की ओर से दिए गए जवाब से शिक्षक संगठन असंतुष्ट हैं। उन्होंने जल्द ही इस मामले में राहत न दिए जाने पर दोबारा आंदोलन शुरू करने व दिल्ली मार्च का एलान किया है।

महिला कॉन्स्टेबल के अपहरण के आरोपी अंकित का सरेंडर

मेरठ, 10 फरवरी (एजेंसी)। महिला कांस्टेबल संध्या भारद्वाज के अपहरण के आरोपी अंकित चौहान ने पुलिस को चकमा देकर कोर्ट में सरेंडर कर दिया। बताया जाता है कि पुराने मुकदमे में जमानत तुड़वाकर अंकित ने सरेंडर किया है। सूचना लीक होते ही क्राइम ब्रांच कचहरी पहुंच गई लेकिन उससे पहले ही अंकित कोर्ट में पेश हो गया। महिला कांस्टेबल के वापस घर लौटने के बाद से अंकित फरार चल रहा था। पुलिस की टीमें उसकी तलाश कर रही थी। उसे डर सताने लगा कि पुलिस उसका एनकाउंटर ना कर दे। उसने 2022 के एक मुकदमे में जमानत तुडवाई और सेशन कोर्ट में पुलिस को चकमा देकर सरेंडर कर दिया। अंकित चौहान सरेंडर कर सकता है, इसकी भनक क्राइम ब्रांच को लग गई थी। एक टीम को कचहरी में निगरानी के लिए लगा दिया गया। इसके बाद भी अंकित चौहान पुलिस और क्राइम ब्रांच को चकमा देकर कचहरी ही नहीं, कोर्ट तक भी पहुंच गया और क्राइम ब्रांच हाथ मलती रह गई। अंकित की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी की तरफ से पुलिस की चार टीमें लगाई गई थी। क्राइम ब्रांच अलग से लगी हुई थी। अंकित को डर था कि पुलिस के हत्थे अगर वह चढ़ गया तो उसका एनकाउंटर किया जा सकता है। कचहरी में भी घेराबंदी शुरू हुई तो वह और ज्यादा डर गया। मौका मिलते ही उसने सेशन कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

वर्ष-2022 के मवाना थाने में दर्ज मुकदमे में जमानत तुड़वाई, क्राइम ब्रांच को दिया चकमा

हिमंता शूटिंग वीडियो विवाद-सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार

नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के विवादित वीडियो को लेकर सीपीआईएम और सीपीआई के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई है। वीडियो में मुख्यमंत्री एक मुस्लिम लोगों की ओर राइफल ताने हुए दिखाई दे रहे थे। इस वीडियो के आधार पर वामपंथी नेताओं ने मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सीनियर वकील निजाम पाशा ने मंगलवार को यह मामला चीफ जस्टिस सूर्यकांत के सामने मेंशन किया। उन्होंने कहा कि असम के मौजूदा मुख्यमंत्री के भाषणों और हाल में सामने आए वीडियो को लेकर सुप्रीम कोर्ट के तत्काल हस्तक्षेप की जरूरत है।

अंडरवियर में छिपाकर लाया था 45 लाख का सोना

अहमदाबाद, 10 फरवरी (एजेंसी)। कस्टम विभाग ने अहमदाबाद एयरपोर्ट पर दुबई के एक शख्स को 96 लाख रुपए के सोने के साथ पकड़ा है। इस शख्स ने अपने अंडरवियर में 45 लाख का सोना छिपा रखा था। जांच के दौरान व्यक्ति के पास से 24 कैरेट शुद्धता की दो पूरी सोने की छड़ें और एक कटी हुई छड़ भी मिली। ये छड़े उनकी अपनी जेब में रखे पर्स में छिपा रखी थीं। जब्त किए गए 325 ग्राम सोने की अनुमानित बाजार कीमत करीब 52 लाख रुपए आंकी गई है। शख्स की संदिग्ध हरकतों के आधार पर कस्टम विभाग ने इस अनोखे तरीके का पर्दाफाश किया। अधिकारियों ने सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। यह पता लगाने के लिए आगे की जांच शुरू कर दी गई है कि यह सोना किसे पहुंचाना था और क्या इस मामले में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है। करीब 8 दिन पहले अहमदाबाद एयरपोर्ट से एक पैसेंजर को 108.07 ग्राम सोने के साथ पकड़ा गया था। बैंकॉक से अहमदाबाद पहुंचे इस पैसेंजर ने अपने मुंह में काले टेप में लिपटे चार कैप्सूल आकार में सोने के बिस्किट छिपा रखे थे। इसकी मार्केट वैल्यू लगभग 17.19 लाख रुपए आंकी गई है।

बाबरी मस्जिद ढहाने मुर्शिदाबाद के लिए निकले कार्यकर्ता लखनऊ में रोके

गोंडा, 10 फरवरी (एजेंसी)। यूपी के लखनऊ, गोंडा सहित कई जनपदों से विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकर्ता पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जाने के लिए निकले हैं। मंगलवार को गोंडा में 10 गाड़ियों से सामाजिक न्याय प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आर्य हीरू के नेतृत्व में कार्यकर्ता रवाना हुए। उधर, लखनऊ में 15 गाड़ियां लेकर जा रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक दिया। पुलिस के रोके जाने पर कार्यकर्ताओं ने हाथ में भगवा झंडा, कुल्हाड़ी और फावड़ा लेकर करीब 2 घंटे तक प्रदर्शन किया। अध्यक्ष गोपाल राय को पुलिस ने पहले ही हाउस अरेस्ट कर लिया है। दरअसल, पश्चिम बंगाल के विधायक हुमायूं कबीर मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद का निर्माण करा रहे हैं। शिलान्यास के दिन करीब 2 लाख लोग ईंट लेकर शामिल होने पहुंचे थे। इस पर हिंदूवादी संगठन ने मस्जिद को ढहाने का ऐलान किया था। संगठन के अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा था कि यूपी से कार्यकर्ता मुर्शिदाबाद जाएंगे और वहां बन रही मस्जिद को ढहाने का काम करेंगे। इस ऐलान से संबंधित होर्डिंग्स भी लखनऊ सहित कई जगहों पर लगाए गए थे। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता एकत्र होकर मुर्शिदाबाद के लिए आगे बढ़ेंगे।

'एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर हटाने के लिए क्या मापदंड होंगे?', कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसी) सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कई याचिकाओं पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा। ये याचिकाएं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में क्रीमी लेयर (सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत हो चुके लोग) को आरक्षण के लाभ से बाहर करने की मांग से जुड़ी हैं। कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार यह बताए कि क्रीमी लेयर को हटाने के लिए क्या मापदंड तय किए जाएंगे। यह आरक्षण दाखिले और सरकारी नौकरियों दोनों पर लागू होगा। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया भी शामिल थे। ये याचिकाएं ओपी शुक्ला और समता आंदोलन समिति ने दायर की हैं। इनका कहना है कि 1 अगस्त 2024 के अहम फैसले को लागू किया जाए। कोर्ट ने केंद्र से कहा कि वह अपना पक्ष रखे। इसके बाद मामले पर आगे सुनवाई होगी। क्रीमी लेयर का सिद्धांत मंडल आयोग के फैसले से आया था। इसके तहत ओबीसी वर्ग के आर्थिक रूप से सक्षम लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं दिया जाता। एक अहम फैसले में सात जजों की संविधान पीठ ने कहा था कि राज्य सरकारें अनुसूचित जातियों के भीतर उप-वर्ग बना सकती हैं। इस फैसले में न्यायमूर्ति बीआर गवई ने कहा था कि क्रीमी लेयर का सिद्धांत अनुसूचित जाति और जनजाति पर भी लागू होता है। याचिका में मांग की गई है कि केंद्र और राज्य सरकारें आंकड़े एकत्र करें। यह देखा जाए कि सरकारी सेवाओं में किस वर्ग का प्रतिनिधित्व कम है। याचिका में यह भी कहा गया है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में क्रीमी लेयर को बाहर करने के लिए स्पष्ट और निष्पक्ष नियम तय किए जाएं, ताकि सबसे ज्यादा पिछड़े वर्गों को आरक्षण का सही लाभ मिल सके। साथ ही इसके लिए एक समयसीमा तय करने की भी मांग की गई है, ताकि सबसे ज्यादा वंचित वर्गों को जल्द मदद मिल सके।

सीतापुर में दुष्कर्म के बाद पांच साल की दलित बच्ची की हत्या

सीतापुर, 10 फरवरी (एजेंसी) जिले के बिसवां क्षेत्र में पांच वर्षीय दलित बच्ची की दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या कर दी गई। वह सोमवार शाम घर के बाहर खेलते समय लापता हो गई थी। देर रात उसका शव घर से करीब दो सौ मीटर दूर बनी अपनी ही झोपड़ी में चारपाई पर पड़ा मिला। एएसपी उत्तरी आलोक सिंह ने बताया कि मंगलवार रात मुख्य आरोपी सुरेंद्र यादव को सकरन क्षेत्र के लहसड़ा में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। परिजनों ने भी सुरेंद्र पर ही शक जताया था। यह सोमवार रात गांव में नशे में घूमता दिखा था। ग्रामीणों के अनुसार मासूम के गर्दन और शरीर पर चोट के निशान थे। कपड़े भी अस्त-व्यस्त थे। मौके पर पहुंचे एसपी, एएसपी दक्षिणी व सीओ ने जांच की। मंगलवार सुबह फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। एएसपी दक्षिणी दुर्गेश सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्या गला दबाकर हत्या की बात सामने आई है। पिता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

करप्शन इंडेक्स 2025: देश में कुछ भ्रष्टाचारी घटे, ईमानदारों की रैंकिंग में 96 से 91वें नंबर पर; डेनमार्क अव्वल

नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसी)। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की ओर से से जारी करप्शन परसेप्शंस इंडेक्स 2025 में भारत की रैंकिंग सुधरी है। भारत इस रैंकिंग में पायदान चढ़कर 91वें स्थान पर पहुंच गया। वहीं, डेनमार्क शीर्ष पर है। हालांकि, पत्रकारों की सुरक्षा के मामले में भारत की स्थिति को अब भी चुनौतीपूर्ण कहा गया है। पढ़ें पूरी खबर। भ्रष्टाचार पर नजर रखने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की ओर से जारी 'करप्शन परसेप्शंस इंडेक्स (सीपीआई) 2025' में भारत की रैंकिंग में सुधार हुआ है। 182 देशों की इस सूची में भारत पांच पायदान की छलांग लगाकर अब 91वें नंबर पर पहुंच गया है। हालांकि, रिपोर्ट में पत्रकारों की सुरक्षा और भ्रष्टाचार के खिलाफ रिपोर्टिंग को लेकर अब भी गंभीर चिंता जाहिर की गई। मंगलवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने पिछले साल के मुकाबले अपनी स्थिति बेहतर की है। 2024 में भारत 96वें स्थान पर था, जो अब सुधरकर 91वें स्थान पर आ गया है। इंडेक्स में देशों को 0 (बेहद भ्रष्ट) से 100 (बेहद साफ-सुथरा) के पैमाने पर आंका जाता है। भारत के स्कोर में पिछले साल के मुकाबले 1 अंक की बढ़ोतरी हुई है और यह 39 पर पहुंच गया है। सुधार के बावजूद, भारत का स्कोर (39) अभी भी वैश्विक औसत (42) से कम है। रिपोर्ट बताती है कि 50 से कम स्कोर वाले देशों में भ्रष्टाचार एक गंभीर समस्या बनी हुई है। सूचकांक में डेनमार्क ने अपनी बादशाहत कायम रखी है। 89 अंकों के साथ वह दुनिया का सबसे कम भ्रष्ट देश बना हुआ है। इसके बाद फिनलैंड और सिंगापुर का नंबर आता है। वहीं, दुनिया की स्थापित अर्थव्यवस्थाओं में गिरावट देखी गई है। अमेरिका 29वें और ब्रिटेन 20वें स्थान पर है। सूची में सबसे निचले पायदान पर दक्षिण सूडान और सोमालिया हैं, जिनका स्कोर महज 9 है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका और ब्रिटेन जैसे मजबूत लोकतंत्रों में भी भ्रष्टाचार से निपटने के मानकों में गिरावट आ रही है।

किताब पर जनरल नरवणे की पहली प्रतिक्रिया, पेंगुइन के बयान को सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसी) पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित किताब को लेकर संसद में गतिरोध जारी है। इसी बीच पूर्व सेना प्रमुख ने मंगलवार को विवाद पर विराम लगा दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किताब से संबंधित प्रकाशक पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के आधिकारिक बयान को रीपोस्ट किया। इससे पहले प्रकाशन ने कहा था कि कंपनी द्वारा पुस्तक की कोई भी प्रति 'मुद्रित या डिजिटल रूप में' प्रकाशित, वितरित, बेची या किसी अन्य तरीके से जनता के लिए उपलब्ध नहीं कराई गई है। अब पेंगुइन इंडिया के ट्वीट पर रिट्वीट करते हुए जनरल एमएम नरवणे ने एक्स पर लिखा कि किताब की वर्तमान स्थिति यह है। इसी बीच प्रकाशन की ओर से एक अन्य बयान भी जारी किया गया है। जिसमें प्रकाशक ने कहा है कि किसी किताब या उसके प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध होने की घोषणा को पब्लिकेशन नहीं माना जाना चाहिए। इसके साथ पब्लिकेशन हाउस ने कहा है कि प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध किताब और पब्लिश हुई किताब एक ही बात नहीं हैं।

ध्वस्तीकरण से पहले ही व्यापारियों ने खुद तोड़े अपने प्रतिष्ठान

मेरठ, 10 फरवरी (एजेंसी)। मेरठ की सेंट्रल मार्केट के लगभग 700 दुकानदारों को 15 दिन के भीतर अवैध निर्माण हटाने के आदेश के बाद व्यापारियों ने स्वयं अपने प्रतिष्ठानों को ध्वस्त करना शुरू कर दिया है। मंगलवार को एक कॉम्पलेक्स के मालिक ने दुकानें पीछे हटाने का हवाला देते हुए खुद अपना प्रतिष्ठान तुड़वाना शुरू कर दिया।

मेरठ की सेंट्रल मार्केट में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दहशत में व्यापारी

दुकानदारों का कहना है कि उनको कहीं ना कहीं ऐसी उम्मीद है कि अगर वह सड़क किनारे बने नाले से अपनी दुकान 10 फीट पीछे कर लेंगे तो शायद वह सेट बैक के चलते इस ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से बच जाएंगे। इसी कारण उन्होंने स्वयं अपनी दुकानों को पीछे हटाना शुरू कर दिया है। आवास एवं विकास परिषद की ओर से स्कीम नंबर-7 के अंतर्गत सेक्टर-2, सेक्टर-5 और सेक्टर-6 के दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 27 जनवरी को दिए गए आदेश का हवाला देते हुए कहा गया है कि यदि निर्धारित समय में अवैध निर्माण नहीं हटाया गया तो परिषद स्वयं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेगी सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने की थी, जिसमें छह सप्ताह के भीतर अवैध निर्माण ध्वस्त करने के आदेश दिए गए थे। इस मामले में अगली सुनवाई 13 मार्च को होनी है। इसी डर के चलते व्यापारी खुद अपने प्रतिष्ठान तोड रहे हैं। व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को बचाने के लिए कभी बैनर लगाकर प्रदर्शन किया तो कभी काली पट्टी बांधकर दोस्तीकरण का विरोध किया लेकिन कुछ भी नतीजा नहीं निकाला और न्यायालय अपने आदेश करता था आखिर दोस्तीकरण से बचने की उम्मीद छोड़कर व्यापारियों ने स्वयं से ही अपने प्रतिष्ठान तोड़ने शुरू कर दिए। 25 अक्टूबर को सेंट्रल मार्केट के 616/6 परिसर की 22 दुकानों का धस्तीकरण हुआ था। आवास विकास के अनुसार यह दुकान आवासीय प्लॉट में बनाई गई थी, जिस पर माननीय न्यायालय ने अपना फैसला सुनाते हुए इन दुकानों को ध्वस्त करने के आदेश दिए थे तभी से ही ध्वस्तीकरण की

पति-पत्नी और तीन बच्चों के शव मिलने से सनसनी, किचन की दीवार समेत तीन जगह सुसाइड नोट मिले

मथुरा, 10 फरवरी (एजेंसी)। एक ही कमरे से एक परिवार के 5 लोगों की लाशें मिलीं। मृतकों में पति, पत्नी और 3 बच्चे शामिल हैं। कमरे में बेड पर मां, एक बेटी-बेटा मिले। दूसरी बेटी चारपाई पर पड़ी थी, जबकि पति का शव फर्श पर मिला। पुलिस के अनुसार, पति ने पहले पत्नी की हत्या की, फिर बच्चों की जान ली। बाद में खुद करंट लगाकर आत्महत्या कर ली। एसएसपी श्रीश कुमार ने बताया कि घटना का पता उस समय चला, जब सुबह बच्चे दिखाई नहीं दिए। इस पर पड़ोस में रहने वाले मनीष के भाई जयकिशन मौके पर पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद होने की वजह से जयकिशन मेन गेट फांदकर अंदर गए। फिर कमरे का दरवाजा तोड़ा। अंदर सभी मृत पड़े मिले। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। कमरे में एक चारपाई और एक बेड रखा है। चारपाई पर हनी (5) मिली, जबकि बेड पर बेटा प्रतीक (2), बेटी प्रियांशी (4) और उनकी मां सीमा (32) थीं। मनीष (35) जमीन पर पड़ा मिला। पुलिस को 3 पन्नों का सुसाइड नोट और एक वीडियो मिला है। पहला नोट- रसोई की दीवार पर लिखा था। इसमें कहा गया- मैं मनीष और सीमा अपनी मर्जी से मरे हैं। पुलिस किसी को परेशान न करे। दूसरा नोट कागज पर मिला, उसमें भी यही बातें लिखी हैं। वहीं, सुसाइड से पहले का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें मनीष ने दुखों से परेशान होकर जान देने की बात कही है। पुलिस तंत्र-मंत्र के एंगल पर भी जांच कर रही है। उस मंदिर के पुजारी को हिरासत में लिया गया है, जहां मनीष अक्सर पूजा करने जाते थे। मनीष खेती करते थे। हाल ही में उन्होंने 19 लाख रुपए का प्लॉट बेचा था। इसमें से 12 लाख रुपए खाते में आ चुके थे। घटना महावन थाना क्षेत्र के खप्परपुर गांव की है। पुलिस को कागज पर लिखा सुसाइड नोट मिला। इसमें लिखा है- मैं मनीष और सीमा अपनी मर्जी से मरे हैं। पुलिस किसी को परेशान न करे। बेड पर मां, एक बेटी-बेटा पड़े थे। दूसरी बेटी चारपाई पर मिली, जबकि पति फर्श पर पड़ा हुआ था। जिस कमरे में लाशें मिलीं, वह 10.15 फीट का है। इसी कमरे में किचन भी बना है, जहां बर्तन रखे हैं। किचन के ऊपर की दीवार पर सुसाइड नोट लिखा मिला। एक कागज भी पड़ा मिला, जिस पर सुसाइड नोट लिखा है। पति के हाथ जले हुए मिले हैं, जबकि महिला के सिर पर चोट के निशान हैं। फर्श पर एक मूसल और एक रस्सी मिली है। मूसल पर खून लगा था। इसके अलावा एक गिलास भी मिला है, जिसमें दूध के निशान थे।

खाई में गिरी पिकअप, 3 महिलाओं की मौत

देहरादून, 10 फरवरी (एजेंसी)। विकासनगर में एक पिकअप के खाई में गिरने से तीन महिलाओं की मौत हो गई। हादसे में पांच लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा देहरादून जिले के विकासनगर क्षेत्र में बैराटखाई-गागंरोऊ मोटर मार्ग पर वायाधार के पास हुआ। सवारियों से भरा बोलेरो पिकअप वाहन गागंरोऊ गांव से विकासनगर की ओर जा रहा था। इसी दौरान चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और गाड़ी गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के समय पिकअप वाहन में चालक समेत करीब 8 लोग सवार बताए जा रहे हैं। हादसे में एक महिला की मौके प